

शाहरुख खान 13 साल पुराना टैक्स केस जीते

पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

उल्हास विकास

वर्ष : 43 ■ अंक : 9 ■ मंगलवार, 11 मार्च 2025 ■ 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com Google Play · GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play · Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel · Subscribe

संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A. Mobile.:- 9822045566
epaper.ulhasvikas.com

# ‘नहीं तो तेरा बाबा सिद्धीकी कर देंगे’

- अंबरनाथ के सामूहिक विवाह में महेश गायकवाड़ को अज्ञात ने दिया लिफाफा
- शिवाजी नगर पुलिस जांच में जुटी



यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में एक सामूहिक विवाह कार्यक्रम में आए शिवसेना के पूर्व नगरसेवक महेश गायकवाड़ तो भीड़ में एक अज्ञात व्यक्ति लिफाफा देकर चला गया. उन्होंने घर में वह लिफाफा खोलकर देखा तो उसमें हिंदी में लिखा हुआ था - ‘एमजी तू गणपत - वैभव के पीछे मत लग, नहीं तो तेरा बाबा सिद्धीकी होगा’ ये धमकी भरा पत्र मिलने के बाद महेश गायकवाड़ ने अंबरनाथ के शिवाजी नगर पुलिस स्टेशन में अदखल पात्र गुनाह अर्थात एनसी दाखिल किया है.

इस पत्र के मिलने के बाद ये जाहिर हो रहा है कि गणेश गायकवाड़ और महेश गायकवाड़ का विवाद फिर से शुरू हो गया है.

महेश गायकवाड़ को शक है कि पत्र के लिए जो कागज इस्तेमाल किया गया है, वह कागज जेल में इस्तेमाल किया जाता है और एक वर्ष से गणपत गायकवाड़ जेल में बंद है.

विदित हो कि 2 फरवरी 2024 को कल्याण पूर्व के विधायक गणपत गायकवाड़ ने शिवसेना के पदाधिकारी महेश गायकवाड़ पर जमीन विवाद को लेकर उल्हासनगर के हिललाइन पुलिस स्टेशन के एक कमरे में पिस्तौल से गोलीबारी की थी. उसमें महेश गायकवाड़ गंभीर घायल हो गए थे. उपचार के बाद उन्हें नया जीवन मिला. इस मामले से गत एक वर्ष से गणपत गायकवाड़ जेल में बंद है. उनके पुत्र वैभव को कोर्ट ने क्लीन चिट दिया है. उसके विरोध में महेश गायकवाड़ पत्र व्यवहार कर रहे थे. शिवाजी नगर पुलिस उस पत्र की जांच कर रही है और अंबरनाथ आनंद नगर में हुए 111 जोड़ों के सामूहिक विवाह में लगे सीसीटीवी की जांच कर रही है.

# मनपा चुनाव की जरूरत नहीं जनता को

## सभी बड़ी राजनीतिक पार्टियां सक्रिय

## युवा नेता व पूर्व नगरसेवक मनपा चुनाव की उम्मीद में

- उल्हासनगर मनपा में 2022 से प्रशासक राज
- शहर विकास के मुद्दे नेताओं द्वारा नहीं उठाने से जनता नाराज
- निजी ठेकेदार पैसों के दम पर चुनाव मैदान में उतरेंगे



**उल्हासनगर.** 4 अप्रैल 2022 को उल्हासनगर महानगरपालिका प्रशासकीय शासन के अधीन रखा गया था, इसलिए 4 अप्रैल को इसे तीन वर्ष पूरे हो जाएंगे। लोकसभा और विधानसभा चुनाव संपन्न होने के बाद अब सभी राजनीतिक दलों की नजर मनपा चुनावों पर है और इसके लिए उन्होंने मोर्चे बनाने शुरू कर दिए हैं। लेकिन उल्हासनगर शहर की खस्ता हालत से जनता नाराज हैं और उन्हें मनपा चुनाव में कोई दिलचस्पी नहीं है। क्योंकि शहर के नेता शहर विकास के मुद्दे उठाने में पूरी तरह विफल साबित हुए हैं। ऐसे में जनता चुनाव की जरूरत महसूस नहीं कर रही है।

ज्ञात हो कि 2017 में हुए उल्हासनगर महानगरपालिका चुनाव में कुल 89 नगरसेवक थे। इसमें अनुसूचित जाति के लिए 15, अनुसूचित जनजाति के लिए एक और महिलाओं के लिए 36 सीटें आरक्षित थीं। इस चुनाव में भाजपा और टीम ओमी कालानी ने मिलकर चुनाव लड़ा और कुल 32 सीटें जीतीं। शिवसेना के पास 25 एनसीपी, 4 आरपीआई, 2 भारिप, 1 पीआरपी, 1 एसएआई और 1 कांग्रेस थी। महानगरपालिका चुनाव की सुगबुगाहट के चलते महायुति व महाविकास आघाड़ी के नेता सक्रिय हो रहे हैं। शिवसेना शिंदे गुट को मजबूत करने के लिए उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे कई मौकों पर शहर में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होकर पार्टी को मजबूत करते नजर आ रहे हैं, वहीं दूसरी ओर भाजपा से रविंद्र चव्हाण भी समय-समय पर शहर में उपस्थित होकर आगामी मनपा चुनावों को ध्यान में रखते हुए भाजपा कार्य देख रहे हैं। उल्हासनगर मनपा क्षेत्र में तीन विधायक हैं जिसमें उल्हासनगर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के कुमार आयलानी, अंबरनाथ विधानसभा क्षेत्र से शिवसेना (शिंदे गुट) के डॉ. बालाजी किणीकर, जबकि कल्याण पूर्व विधानसभा क्षेत्र से भाजपा की सुलभा गायकवाड़ तीनों विधायक महायुति के ही हैं। इन विधायकों ने उल्हासनगर महानगरपालिका के प्रशासनिक शासन में अपना वर्चस्व स्थापित करने की कोशिश की है। लेकिन महाविकास आघाड़ी के पास कोई विधायक नहीं है और उसे राजनीतिक उपस्थिति स्थापित करने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है।

उल्हासनगर महानगरपालिका के इतिहास पर नजर डालें तो पिछले 20 से 25 वर्षों से स्थापित नगरसेवक चुनावों में अपने पारिवारिक संबंधों को मजबूत करते आ रहे हैं। कालानी और आयलानी की तरह स्थापित पार्षदों के परिवारों से दो या दो से अधिक पार्षद लगातार निर्वाचित हो रहे हैं, जिसके कारण नए पार्षदों को बहुत कम अवसर मिल पाते हैं। ऐसे में युवा नगरसेवक इस बार टिकट की कतार में है। मनपा में निजी ठेकेदार भी पैसों के बल पर चुनाव मैदान में उतरने की तैयारी शुरू कर दी है।

### महायुति व महाआघाड़ी में संघर्ष

समस्या नगर बन चुके उल्हासनगर शहर की हालत बहुत दयनीय बनी हुई है, यहां पानी की समस्या, अतिक्रमण, यातायात की समस्या, पार्किंग की समस्या, प्रदूषण, खराब सड़कें और खराब स्वास्थ्य सेवा सहित कई समस्याएं हैं। सीमेंट कंक्रीट सड़कों और भूमिगत सीवरेज के निर्माण के कारण शहर में हर जगह सड़कें खोदी गई हैं ।परिणामस्वरूप यातायात भीड़, दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं और वायु प्रदूषण भी बढ़ रहा है। इससे आम नागरिकों को परेशानी हो रही है और महायुति पर भी इसका असर पड़ने की संभावना है। शहर में स्थानीय महाआघाड़ी के नेताओं ने भी शहर की समस्याओं को लेकर समय-समय पर आंदोलन और प्रदर्शन कर महायुति को घेरने की कोशिश शुरू कर दी है।

## मनपा चुनाव की तैयारी शुरू करें -श्रीकांत शिंदे



शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे ने मुंबई में पदाधिकारियों को आगामी महानगर पालिका चुनावों की तैयारी करने के निर्देश दिए। मनपा चुनाव से पहले उन्होंने मुंबई उत्तर पश्चिम लोकसभा क्षेत्र का शिव संवाद दौरा किया और पार्टी संगठन के कामकाज की समीक्षा की। वह इस समय मीडिया से बात कर रहे थे।


शिंदे ने अंधेरी स्थित मातोश्री क्लब में समीक्षा बैठक की। रवींद्र वायकर, पूर्व सांसद राहल शेवाले, विधायक मुरजी पटेल, शिवसेना नेता मीना कांबली, सचिव किरण पावस्कर, सचिव भाऊ साहेब चौधरी, सचिव सिद्धेश कदम, उपनेता संजय निरुपम, उपनेता शीतल म्हात्रे, उपनेता कला शिंदे, शायना एन. सी समेत पदाधिकारी उपस्थित थे।

शाखा प्रमुखों और विभाग प्रमुखों से हमने जाना कि वार्ड में पार्टी का काम किस प्रकार चल रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि वह स्थानीय स्तर की जानकारी की एक रिपोर्ट पार्टी के शीर्ष नेता और राज्य के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को सौंपेंगे। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव से पहले राज्य के 63 विधानसभा क्षेत्रों में जनसंवाद यात्राओं के माध्यम से कार्यकर्ताओं की बैठकें की गईं, जिसका लाभ चुनाव में पार्टी को मिला।

## अंबरनाथ नपा प्रशासक, मुख्याधिकारी पद पर उमाकांत गायकवाड़ की नियुक्ति

### आज से चार्ज संभालेंगे

उल्हास विकास संवाददाता



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ नगरपरिषद के मुख्याधिकारी एवं प्रशासक के पद पर पालघर के मुख्याधिकारी उमाकांत गायकवाड़ की नियुक्ति की गई है. उनसे प्रशासन ने कहा है कि मंगलवार 11 मार्च से वह अंबरनाथ नगर परिषद का कामकाज संभालें.

विदित हो कि इससे पूर्व डॉ. प्रशांत रसाल प्रशासक थे. उनका तबादला मंत्रालय में कर दिया गया है. ये पद रिक्त हो गया था. अतिरिक्त मुख्याधिकारी पराडकर अंबरनाथ मुख्याधिकारी का पदभार संभाले हुए थे. पत्रकारों ने इस मसले को उठाया था कि अंबरनाथ के प्रशासक नहीं है. इसलिए सभी विकास कार्य फाइलों पर हस्ताक्षर ना होने से वह रुकी हुई है और अतिरिक्त मुख्याधिकारी ही मुख्याधिकारी का पद संभाले हुए हैं. अब नगर विकास मंत्रालय ने 10 मार्च को पालघर के मुख्याधिकारी उमाकांत गायकवाड़ सो 11 मार्च से अंबरनाथ का पदभार संभालने का आदेश जारी किया है.

# चांदीबाई कॉलेज रोड पर अनाधिकृत पार्किंग

- 200 दोपहिया वाहनों के खिलाफ कार्रवाई



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर महानगरपालिका द्वारा स्टेशन के पास अनाधिकृत पार्किंग पर कार्रवाई के बाद, संपत्ति विभाग, यातायात पुलिस और वार्ड समिति कार्यालय ने चांदीबाई कॉलेज रोड पर अनाधिकृत पार्किंग पर छापा मारकर 200 दोपहिया वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की है। इसके साथ ही संपत्ति विभाग के सहायक आयुक्त अजय साबले ने बताया कि इस सड़क पर अतिक्रमण के खिलाफ भी कार्रवाई की गई है।

मनपा ने अनाधिकृत पार्किंग के खिलाफ कार्रवाई शुरू की है और तदनुसार उल्हासनगर, शहाड़ और विठ्ठलवाड़ी रेलवे स्टेशनों के पास पार्किंग के खिलाफ कार्रवाई की गई। दो-तीन महीने पहले, नगरपालिका ने उल्हासनगर पश्चिम स्टेशन के बगल में पार्किंग स्थल के खिलाफ कार्रवाई की और इसे नगरपालिका के पे एंड पार्क के लिए अधिकृत ठेकेदार को छोड़ दिया।

हालांकि, चांदीबाई कॉलेज के सामने सड़क पर अनधिकृत पार्किंग शुरू होने की जानकारी मिलने पर, सोमवार 10 तारीख को संपत्ति विभाग के सहायक आयुक्त अजय साबले, यातायात शाखा के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अविनाश भामरे और वार्ड समिति 3 की सहायक आयुक्त सलोनी निवकर ने इस पार्किंग को हटा दिया और 200 दोपहिया वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की।

# अंबरनाथ न्यायालय इमारत तैयार

- दो रास्ते बन गए
- 4 वर्षों से बंद न्यायालय कब शुरू होगा?

उल्हास विकास संवाददाता



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पूर्व चिखलोली में नवनिर्मित दिवानी न्यायालय तक जाने के लिए दो रास्ते बन कर तैयार हो गए हैं. लेकिन गत 4 वर्षों से बनकर तैयार न्यायालय कब शुरू होगा? ऐसा प्रश्न अब शहरवासी कर रहे हैं, क्योंकि अंबरनाथ तालुका के लोगों को उल्हासनगर न्यायालय जाना पड़ता है. रास्ता नहीं होने के कारण न्यायालय के लोकार्पण का कार्य रुका हुआ था. शहर पूर्व में कर्जत-काटई मार्ग पर एवं फॉरेस्ट नाका मार्ग पर चिखलोली में सार्वजनिक बांधकाम विभाग द्वारा 2019 में 19 करोड़ रुपए खर्च करके न्यायालय की तीन मंजिला इमारत पूरी तरह बन कर तैयार है. इस इमारत को दो बार रंगरगोटी की गई है. पाइप लाइन को जमीन के अंदर डालकर पाइप लाइन रोड से एक रास्ता और दूसरा रास्ता दूसरे रास्ते को मिलाकर तैयार कर लिया गया है. इमारत के फर्नीचर का काम भी पूरा कर लिया गया है. पीडब्ल्यूडी के नियोजन शून्य कार्य के कारण और रास्ता ना होने के कारण 19 करोड़ रुपयों में बनकर तैयार न्यायालय का कामकाज 4 वर्षों से शुरू नहीं हो सका है. अंबरनाथ के विधायक डॉ. बालाजी किणीकर के प्रयास से न्यायालय का काम एवं रास्ते का काम पूरा हुआ है. एक रास्ते के लिए गुलाबराव करंजुले ने अपनी स्वतः की भूमि न्यायालय को देकर रास्तो निर्माण करके दिया, तो दूसरा रास्ता बड़े पाइप लाइन को जमीन के अंदर डालकर करोड़ों रुपए खर्च करके बनाया गया है. चार वर्ष पूर्व न्यायालय के लिए एक भी रास्ता नहीं था. अब दो-दो रास्ते बनकर तैयार हो चुके हैं. बस प्रतीक्षा है न्यायालय के कामकाज के शुरू होने की.

# होली पर सादे कपड़ों में पुलिस की रहेगी पैनी नजर

**कल्याण.** होली के त्यौहारों को देखते हुए पुलिस व्यवस्था सतर्क हो गई है। त्योहार के दौरान कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस विशेष ध्यान रखेगी। सादे कपड़ों में पुलिस भी विभिन्न स्थानों पर स्थिति पर नजर रखेगी।

रंगों का त्यौहार होली बड़े उत्साह के साथ मनाया जाने वाला त्यौहार है। इस दौरान, युवा और वृद्ध सभी बड़ी संख्या में सड़कों और सोसायटियों में एकत्र होकर मौज-मस्ती करते नजर आते हैं। बच्चों की खुशियां भी आसमान में इंद्रधनुष की तरह होती हैं, लेकिन इस दौरान कई लोग शरारतें करके या अनुचित हरकतें करके मजा बिगाड़ने की कोशिश करते हैं। ऐसी कई घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं। इस पृष्ठभूमि में, ठाणे पुलिस आयुक्तालय के जोन-3 द्वारा कल्याण-डोंबिवली क्षेत्र पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके लिए हर साल की तरह इस साल भी पुलिस को कुछ दिशा-निर्देश मिले हैं। तदनुसार, पुलिस स्थिति पर नजर रखेगी।

सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक जानकारी पोस्ट करने वालों पर नजर रखी जाएगी। हथियारों के बल पर कानून एवं व्यवस्था को खतरा पहुंचाने वालों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई की जाएगी। सार्वजनिक स्थान पर शराब पीकर अभद्र व्यवहार करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। लोगों की इच्छा के विरुद्ध रंग फेंकने और रंगीन गुब्बारे फेंकने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

### पुलिस गश्त बढ़ाई जाएगी

काले कांच वाले चार पहिया वाहनों में यात्रा करने वालों पर ध्यान दिया जाएगा। महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार करने वालों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाएगी। साथ ही मारपीट और उत्पीड़न करने वालों को पुलिस कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। पुलिस गश्त बढ़ा दी जाएगी और सादे कपड़ों में पुलिसकर्मी सक्रिय रहेंगे।

## डोंबिवली में आरएसएस की शाखा पर पथराव

**कल्याण.** डोंबिवली पूर्व 7 खंबालपाड़ा इलाके के चौधरी वाडी मैदान में स्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की शाखा पर कुछ अज्ञात लोगों द्वारा पथराव किए जाने की की घटना सामने आई है. घटना रविवार रात करीब आठ बजे हुई और गनीमत यह रही कि इसमें कोई घायल नहीं हुआ हैं, घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है.

# अंबरनाथ मजीप्रा अधिकारियों को पीटेंगी महिलाएं

- भाजपा महिला शहराध्यक्षा सुजाता भोईर ने दी चेतावनी
- शिवगंगा नगर में पानी की परेशानी को लेकर मोर्चा



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पूर्व के शिवगंगा नगर क्षेत्र में नियमित पानी नहीं दिया गया तो यहां की महिलाएं कार्यालय में घुसकर तोड़फोड़ करेंगी और मजीप्रा के कर्मचारियों को मारेंगी, ऐसी खुला इशारा मजीप्रा के अधिकारियों को भाजपा की महिला अध्यक्षा सुजाता भोईर ने दिया है. शिवगंगा नगर परिसर में गत कई वर्षों से पानी की समस्या है. लेकिन इस गरमी में ये समस्या बढ़ जाने के कारण यहां की निवासी महिलाएं रोष में आ गई और उन्होंने सुजाता भोईर के नेतृत्व में मजीप्रा कार्यालय पर मोर्चा निकालकर अधिकारियों से सख्ती से ये प्रश्न पूछा कि वह उन्हें पानी क्यों नहीं दे रहे हैं. सुजाता भोईर ने मजीप्रा अधिकारियों पर ये आरोप लगाया कि वह किसी दूसरे पक्ष के दबाव में आकर नवरे नगरवासियों को नियमित जलापूर्ति नहीं कर रहे हैं. उन्होंने पत्रकारों से कहा कि यहां के निवासी टैंकर का पानी कब तक पीएंगे. सुजाता ने अधिकारियों से कहा कि वह चुनाव में खड़े हो जाएं, तब उन्हें मालूम पड़ेगा कि जनता कैसे जीवन बिता रही है. उन्होंने मजीप्रा अधिकारियों से कहा है कि अगर शिवगंगा नगर के सैकड़ों निवासियों को नियमित पानी नहीं मिला तो वह आंदोलन छेड़ देंगी और अनशन पर बैठ जाएंगी. देखना है सुजाता भोईर के इस आक्रामक रवैये को देखते हुए मजीप्रा के अधिकारी उन्हें नियमित जलापूर्ति करते हैं या नहीं.

# उल्हासनगर में बौद्ध समुदाय द्वारा भव्य मोर्चा

- प्रेमनगर टेकडी से तहसील कार्यालय तक निकला मोर्चा
- महाबोधि विहार को मुक्त कराने हेतु मोर्चा
- तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर में बौद्ध समुदाय एकजुट हुआ और एक भव्य मोर्चा निकाला गया। बोधगया में महाबोधि विहार की मुक्ति के लिए वर्तमान में पूरे देश में शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन चल रहे हैं। इस पृष्ठभूमि में उल्हासनगर के बौद्ध समुदाय ने तहसील कार्यालय पर मोर्चा निकाला। इस दौरान महाबोधि विहार को मुक्त कराने के लिए तहसीलदार को ज्ञापन दिया गया। यह मोर्चा उल्हासनगर कैंप 5 के प्रेमनगर टेकडी से तहसील कार्यालय तक निकाला गया। इस मोर्चा में बड़ी संख्या में महिलाएं और बौद्ध भिक्षु भी शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने तहसीलदार को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा।

# आशा कार्यकर्ताओं का अनोखा विरोध प्रदर्शन

- उल्हासनगर मनपा में 210 आशा कार्यकर्ता कार्यरत
- छह महीने से अटका हुआ है मानधन
- केंद्र - राज्य सरकार से अलग-अलग मिलता है मानधन
- आर्थिक तंगी का सामना कर रही महिलाएं



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर में आशा कार्यकर्ताओं ने आज सावित्रीबाई फुले का मुखौटा पहनकर अनोखा विरोध प्रदर्शन किया। इन आशा कार्यकर्ताओं का मानधन पिछले छह महीने से अटका हुआ है। आशा कार्यकर्ताओं ने प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने और प्रशासन को होश में लाने के लिए यह विरोध प्रदर्शन किया। उल्हासनगर महानगरपालिका में 210 आशा कार्यकर्ता काम करती हैं। इन आशा कार्यकर्ताओं को केंद्र और राज्य सरकार से अलग-अलग मानधन मिलता है, लेकिन राज्य सरकार से मिलने वाला मानदन अक्टूबर से ही अटका हुआ है। साथ ही केंद्र सरकार से मिलने वाला मानदन भी दो से तीन महीने में एक बार आता है, इसलिए इन कार्यकर्ताओं को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए आज सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि के अवसर पर उन्होंने ₹सावित्री की बेटियां₹ नामक मुखौटे पहनकर विरोध प्रदर्शन किया। आशा कार्यकर्ताओं ने कहा कि उन्होंने इसलिए प्रदर्शन किया क्योंकि राज्य सरकार द्वारा मानधन भेजे जाने के बाद भी महानगरपालिका समय पर मानधन का भुगतान नहीं कर रहा था।

# मजीप्रा के कार्यालय कक्ष में लगी आग



**बदलापुर.** बदलापुर के मांजर्ली इलाके में महाराष्ट्र जीवन प्राधिकरण के कार्यालय में सोमवार को आग लग गई। ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि यह घटना शॉर्ट सर्किट के कारण हुई होगी। हालांकि, प्राधिकरण ने बताया कि काम प्रभावित नहीं होगा क्योंकि दस्तावेजों को पहले ही कंप्यूटर सिस्टम में परिवर्तित कर दिया गया है।

महाराष्ट्र जीवन प्राधिकरण का कार्यालय बदलापुर पश्चिम के मांजर्ली क्षेत्र में बदलापुर कल्याण मार्ग पर स्थित है। सम्पूर्ण जल आपूर्ति प्रणाली इसी कार्यालय से नियंत्रित होती है। महाराष्ट्र जीवन बीमा प्राधिकरण के कार्यालय में सोमवार सुबह आग लग गई। इसकी सूचना मिलने पर कुलगांव बदलापुर नगर निगम के मांजर्ली फायर स्टेशन के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और आग बुझाई। इस आग में कोई हताहत या चोट नहीं आई। हालांकि, प्राधिकरण ने कहा है कि फाइल रूम में रखे दस्तावेज जल गए हैं। जिस अलमारी में आग लगी वह कार्यालय के पीछे थी और उसमें पुराने, बेकार दस्तावेज रखे हुए थे। बताया गया कि इस कमरे में कोई भी कर्मचारी काम नहीं कर रहा था। महाराष्ट्र जीवन प्राधिकरण ने यह भी कहा है कि कंप्यूटर सिस्टम में सभी पुराने दस्तावेजों के एकत्र होने से उसके परिचालन पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं। - वाल्मीकि

उल्हास विकास संपादकीय

## तेजी से बढ़ रही मोटापे की समस्या

भारत में जिस तरह लोगों की जीवन शैली बदली है, उसके दुष्परिणाम अब सामने आने लगे हैं। मोटापा उनमें से एक है। इस समस्या ने बड़ी संख्या में लोगों को अपनी चपेट में ले लिया है। शहरों में रहने वाली लगभग एक तिहाई आबादी मोटापे की शिकार है। इसे अब महज वजन बढ़ने के रूप में नहीं लिया जा सकता। मोटापे की वजह से जिस तरह हृदयरोग, उच्च रक्तचाप और मधुमेह जैसी बीमारियां बढ़ रही हैं, वह चिंता का विषय है। इसने कैंसर के जोखिम तक को बढ़ा दिया है। आंकड़े बताते हैं कि पिछले दो दशकों में भारत में मोटापे की दर लगभग दोगुनी हो गई है। यह किस कदर जानलेवा हो सकता है इसे लेकर प्रधानमंत्री ने जो चिंता जताई है, उसे गंभीरता से लेने की जरूरत है।

उन्होंने देश के नागरिकों को आगाह किया है कि वर्ष 2050 तक चौवालीस करोड़ से अधिक भारतीय मोटापे से ग्रस्त हो जाएंगे। निस्संदेह यह आंकड़ा डरावना है। तस्वीर का दूसरा पहलू यह भी है कि अब बच्चे भी मोटापे का शिकार हो रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रपट के मुताबिक बचपन और किशोरावस्था में मोटापा भविष्य में उनके जीवन की गुणवत्ता और जीवन प्रत्याशा को कमजोर कर देता है।

### हर उम्र के लोग हो रहे मोटापा का शिकार

यह कितना बड़ा संकट है, इसे इस तथ्य से समझा जा सकता है कि आने वाले समय में हर परिवार में कोई एक मोटापे से ग्रस्त होगा। ऐसी स्थिति को टालने के लिए ही प्रधानमंत्री नागरिकों को जागरूक करना चाहते हैं। आज मोटापे की वजह से न केवल युवा, बल्कि सभी उम्र के लोग इसकी चपेट में आ रहे हैं, तो इसके मूल कारणों को समझने और सजग होने की जरूरत है।

हम अपनी कुछ आदतें बदल लें, तो खुद को मोटापे से बचा सकते हैं। दरअसल, तैलीय, डिब्बाबंद भोजन तथा शारीरिक गतिविधियां कम होने से देश में मोटापे की समस्या पुरुषों और महिलाओं में समान रूप से बढ़ी है। जाहिर है कि अब यह समस्या व्यक्तिगत नहीं रह गई है। भविष्य में मोटापे के शिकार होने वालों की इतनी बड़ी संख्या को देखते हुए समाज और पूरे देश के लिए विचारणीय सवाल है कि हम इस समस्या से कैसे बाहर निकलेंगे?

# भारत को शक्ति केंद्र के रूप में उभरना है तो बदलनी होगी रणनीति

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मोलभाव और अराजक अप्रत्याशितता की कूटनीति से महीने भर में ही 80 वर्ष पुराने विश्वक्रम को छिन्न-भिन्न कर दिया है। यह विश्वक्रम अमेरिका ने ही दूसरे विश्वयुद्ध के बाद संयुक्त राष्ट्र और उसकी सहायक संस्थाओं के जरिये स्थापित किया था।

नियमबद्ध व्यवस्था पर आधारित इस विश्वक्रम का मुख्य उद्देश्य दूसरे देशों के भूभाग हथियाने की उस साम्राज्यवादी परंपरा को रोकना था जिसमें 1816 से 1945 के बीच दूसरे देशों के भूभाग हथियाने के लिए 150 से अधिक लड़ाइयां लड़ी गई थीं।

नए विश्वक्रम में भारत और फलस्तीन के उल्लेखनीय अपवादों को छोड़कर 1945 से अब तक किसी देश के भूभाग को सैन्य शक्ति से नहीं हथियाने दिया गया। इस दौर में अमेरिका ने सैनिक और आर्थिक महाशक्ति का प्रयोग दूसरे देशों में अपनी कठपुतली सरकारें स्थापित करने या सत्ता परिवर्तन कराने में जरूर किया, पर किसी के भूभाग को हथियाने के लिए नहीं। जबकि 1952 में दक्षिण कोरिया और 1990 में कुवैत की प्रभुसत्ता की रक्षा के लिए कूदकर वैश्विक नेतृत्व की एक मिसाल कायम की।

ट्रंप ने अपने उद्घाटन भाषण में ही संकेत दे दिया था कि वे अपने ही देश द्वारा स्थापित मौजूदा विश्वक्रम को तिलांजलि देकर दुनिया को 1945 से पहले की साम्राज्यवादी व्यवस्था में लौटाना चाहते हैं। उन्होंने कहा था, 'अमेरिका अपनी परिकल्पना एक उभरते हुए देश के रूप में करना चाहेगा-एक ऐसा देश जिसकी समृद्धि बढ़ रही हो, जिसकी सीमाओं का विस्तार हो रहा हो।'



अपनी इसी बात को आगे बढ़ाते हुए बाद में उन्होंने दावा किया कि अमेरिका निश्चित रूप से ग्रीनलैंड को डेनमार्क से खरीद लेगा और मध्य अमेरिकी देश पनामा से पनामा नहर वापस लेगा। कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने की बात तो वह अक्सर करते रहते हैं। दो सप्ताह पहले उन्होंने गाजा को लेकर पिछली सदी के सातवें दशक के बेरूत जैसी सैलानी सैरगाह के रूप में उसका विकास करने की बात करके दुनिया को चौंका दिया।

ग्रीनलैंड, पनामा नहर, कनाडा और गाजा में पांव पसारने के ट्रंप के इरादों से विश्व के कुछ दूसरे साम्राज्यवादी तानाशाहों के हौसले भी बुलंद हो रहे हैं। चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग नाटकीयता से बदलते विश्वक्रम के इस दौर को खामोशी से देख रहे हैं, लेकिन ताइवान को चीन में मिलाने के उनके इरादे किसी से छिपे नहीं हैं। वह सही मौके की तलाश में हैं।

वह दक्षिण चीन सागर में फैले विवादास्पद द्वीपों पर एक-एक करके कब्जा कर चुके हैं और हिंदचीन एवं दक्षिण एशियाई देशों को वे कर्ज और कारोबारी जाल में फंसाने में लगे हैं। राष्ट्रपति पुतिन की तो जैसे लाटरी ही लग गई है। जो लक्ष्य वह तीन साल के युद्ध में लाखों सैनिक और अरबों के हथियार गंवाकर भी हासिल नहीं कर पाए वह ट्रंप के आने और उनके नीतिगत उलटफेर से अनायास ही हासिल होते दिख रहे हैं। वह सोवियत संघ के विघटन को तबाही मानते हैं और यूक्रेन को रूसी प्रभाव क्षेत्र से अलग स्वतंत्र देश मानने को तैयार नहीं हैं। इसीलिए यूक्रेन का नाटो या ईयू सदस्य बनना उन्हें गवारा नहीं। न ही उन्हें यूक्रेन में रूस विरोधी सरकार गवारा है। यूक्रेन का करीब पांचवां हिस्सा अब उनके कब्जे में है। अमेरिका और नाटो के बीच यूक्रेन को लेकर गहरी दरार पड़ चुकी है और पुतिन को लेकर नाटो के भीतर भी तकरार के आसार से इन्कार नहीं किया जा सकता। ट्रंप युद्ध रुकवाने के लिए बेताब हैं, पर मोहरे पुतिन के पास हैं।

कुछ राजनयिकों और विदेश नीति विशेषज्ञों को लगता है कि ट्रंप यूक्रेन युद्धविराम और रूस के साथ संबंध बहाल करने का यह खेल पुतिन को चीन के प्रभाव क्षेत्र से निकालने के लिए कर रहे हैं ताकि प्रशांत और हिंद प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते वर्चस्व का मुकाबला किया जा सके। यदि यह सही हो तो यह भारत के भी हित में होगा, लेकिन इसके कोई ठोस प्रमाण नहीं हैं। सत्ता संभालने के बाद से ट्रंप के बयानों में रूस की तरह चीन को लेकर भी नरमी ही सुनाई दी है। ट्रंप की कूटनीति में मोलभाव के साथ-साथ ट्रंप की निजी पसंद-नापसंद की नीति भी अहम रहती है। उनके बयानों से स्पष्ट हो जाता है कि वह पुतिन और शी दोनों को पसंद करते हैं। यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की को कतई पसंद नहीं करते, क्योंकि जेलेंस्की ने 2019 में अमेरिकी चुनावों में हस्तक्षेप करने वालों का सर्वर हवाले करने और बाइडन तथा उनके बेटे पर जांच बिठाने के ट्रंप के अनुरोध ठुकरा दिए थे।




अपनी आत्मा के प्रकाश और ख़ज़ानों को उजागर करने के लिए हमें प्रतिदिन ध्यानाभ्यास में समय व्यतीत करने की आवश्यकता है।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक

# चौपट हो चुकी है पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था

भारत लंबे समय से कहता आ रहा है कि पाकिस्तान दहशतगर्दों की सुरक्षित पनाहगाह बन चुका है, मगर अंतरराष्ट्रीय मंचों पर इसे गंभीरता से कभी नहीं लिया गया। जबकि इस हकीकत से सभी वाकिफ हैं कि पाकिस्तान में आतंकी संगठनों की सक्रियता न केवल भारत के लिए, बल्कि दुनिया के दूसरे देशों के लिए भी खतरा है। अब तो पाकिस्तान को भी इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। अतीत में चीन जैसे कुछ देश पाकिस्तान की आतंकवादियों को शह देने की नीति को नजरअंदाज करते रहे हैं। आतंकवाद के मसले पर चीन कई बार संयुक्त राष्ट्र में अपने विशेषाधिकार का उपयोग कर पाकिस्तान को बचा चुका है।

अब वैश्विक आतंकवाद सूचकांक के ताजा आंकड़ों से यह तथ्य उजागर हुआ है कि पाकिस्तान को अपने किए का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। वह अब दुनिया का सबसे अधिक आतंकवाद प्रभावित देश बन गया है। वहां दहशतगर्दी लगातार बढ़ती जा रही है। पिछले वर्ष पाकिस्तान में आतंकी हमलों में होने वाली मौतों में पैंतालीस फीसद की बढ़ोतरी दर्ज की गई। इसी तरह वहां हुए आतंकी हमलों की संख्या भी वर्ष 2023 के 517 की तुलना में 2024 में बढ़ कर 1,099 हो गई। पाकिस्तान लंबे समय से दावा करता रहा है कि प्रतिबंधित तहरीके-तालिबान पाकिस्तान जैसे आतंकी संगठन अफगानिस्तान की जमीन का इस्तेमाल कर रहे हैं।

इन हालात में भी भारत के खिलाफ अपनी करतूतों से पाकिस्तान बाज नहीं आ रहा है। वह भारत के खिलाफ दहशतगर्दी का इस्तेमाल हथियार की



तरह किए जा रहा है। जो गतिविधियां वह भारत के खिलाफ चलाता है और उसमें वहां की सेना और खुफिया एजंसी आइएसआइ तक शरीक देखी जाती हैं, वैसी ही वह अपने बलूचिस्तान क्षेत्र में चल रही गतिविधियों से त्रस्त है। पिछले हफ्ते बलूचिस्तान क्षेत्र में सक्रिय सभी विद्रोही गुटों ने हाथ मिला लिया और उन्होंने पाकिस्तान और चीन के खिलाफ युद्ध छेड़ने का एलान कर दिया।

बलूचिस्तान क्षेत्र में चल रही चीन की विकास परियोजनाओं का विरोध वे लंबे समय से करते रहे हैं, मगर पाकिस्तान सरकार और सेना उन्हें हथियार के बल पर दबाने का प्रयास करती रही हैं। इसका नतीजा यह हुआ है कि वहां आतंकी गतिविधियां काफी जोर पकड़ चुकी हैं। उन हमलों में कई चीनी नागरिक भी मारे जा चुके हैं। पर पाकिस्तान ने दहशतगर्दी के खिलाफ कोई मुकम्मल नीति नहीं बनाई है। जब से अफगानिस्तान में तालिबान का शासन हुआ है, पाकिस्तान के खिलाफ आतंकी गतिविधियां चलाने वाले संगठनों को वहां से पनाह और इमदाद मिलने लगी है। इससे पाकिस्तान की मुश्किलें और बढ़ गई हैं।


पाकिस्तान लंबे समय से समस्याओं से पार पाने की जद्दोजहद कर रहा है। वहां महंगाई चरम पर है। अर्थव्यवस्था चौपट हो चुकी है। शिक्षा व्यवस्था ध्वस्त है। हालत यह है कि कई बार वहां के लोग आटे-दाल के लिए संघर्ष पर उतर आए। फिर भी पाकिस्तानी हुकूमत का जोर तरक्की के बजाय चीन से मिलने वाली इमदाद और उसके जरिए भारत पर दबाव बनाए रखने का अधिक है।

वैश्विक आतंकवाद सूचकांक के आंकड़ों से जाहिर है कि पाकिस्तान में स्थितियां दिनों-दिन गंभीर होती जा रही हैं व अगर अंतरराष्ट्रीय बिरादरी ने मिल कर इसका कोई हल निकालने की कोशिश नहीं की, तो पाकिस्तान में पल रहे दहशतगर्द न केवल भारत और पाकिस्तान के लिए, बल्कि पूरी दुनिया के लिए बड़ी चुनौती बन सकते हैं।

# 36 लड़कों की प्रेमिका, फ्लैट खरीदते हो जाती थी 'चंपत'

**जरा हट के**

आजकल डेटिंग प्लेटफॉर्म्स के ज़रिये लोगों के लिए मैच मिलना जितना आसान हो गया है, उतना ही इसमें फ्रॉड का डर भी होता है. पड़ोसी देश चीन से ऐसे ही एक फ्रॉड का केस सामने आया तो लोगों को यकीन ही नहीं हुआ. यहां रहने वाली एक लड़की ने एक-दो नहीं बल्कि कुल 36 मर्दों को अपनी शातिर दिमागी का निशाना बनाया. मज़े की बात तो ये है कि ये सारे प्रेमी एक ही शहर के थे लेकिन उन्हें खबर ही नहीं हुई कि वे बेवकूफ बन रहे हैं. आपने डेटिंग में फ्रॉड के कई किस्से सुने होंगे, लेकिन ये कुछ अलग ही है. यहां पर लड़की ने किसी कोई पैसे नहीं ऐंठे बल्कि उनसे घर खरिदवाकर चलती बनी. लड़की ने इन सभी से डेट करने का नाटक किया और फिर इन्हें फ्लैट खरीदकर घर बसाने का लालच देकर अचानक गायब हो गई. ये पूरा मामला ऑनलाइन डेटिंग प्लेटफॉर्म के



ज़रिये हुआ.

### 'डार्लिंग घर खरीदो, फिर शादी करेंगे'

'साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट' की एक रिपोर्ट के मुताबिक 36 पीड़ितों में से एक जो आताओ ने खुलासा किया कि मार्च, 2024 में एक ऑनलाइन डेटिंग प्लेटफॉर्म के ज़रिये डेटिंग शुरू की थी. उसे लड़की सीधी-सादी और घरेलू लगी. उसने बताया कि वो शेंजेन में एक ई-कॉमर्स कंपनी में काम करती है. दोनों ने 1 महीने की डेटिंग के बाद शादी की बातचीत की और घर खरीदने के लिए मनाया. इसके लिए वो खुद भी कुछ पेमेंट को तैयार थी लेकिन उसका कहना था कि ओनरशिप सर्टिफिकेट पर उसका नाम न डाला जाए. जैसे ही आताओ ने घर खरीद लिया, लड़की ने उससे बात करना बंद कर दिया.

बाद में पता चला कि आताओ की ही तरह कुल 36 मर्दों को वो अपने प्रेमजाल में फंसा चुकी थी. वो सभी को दो खास टावरों में से एक में घर लेने के लिए कहती थी. सभी मर्द 30 साल के थे और सबको उसने 1-2 महीने ही डेट किया था. जैसे ही वे घर लेते थे, वो उन्हें छोड़ देती थी. सोशल मीडिया पर इस घटना की खूब चर्चा हो रही है.




# चिकन नगेट्स

**सामग्री**

- एक पाव बोनलेस चिकन
- बारीक कटा पत्तागोभी
- बारीक कटा 3 प्याज
- एक तिहाई तेल
- लहसुन का पेस्ट आधा चम्मच
- 3-4 हरी मिर्च बारीक कटी हुई
- आधा कप गाजर बारीक कटा हुआ
- 1 शिमला मिर्च बारीक कटी हुई
- एक कप सूजी
- दो कप पानी
- कुटी लाल मिर्च एक चम्मच
- काली मिर्च एक चम्मच
- नमक स्वादानुसार
- चिकन मसाला
- सोया सॉस दो चम्मच
- ब्रेड क्रम्ब्स
- दो अंडे

**बनाने की विधि**

सबसे पहले बोनलेस चिकन को अच्छी तरह से धोकर मैश कर लें। अब पैन में तेल डालें और लहसुन का पेस्ट डालकर हल्का सा भूनें। फिर बारीक कटी हरी मिर्च डालें। साथ में बारीक कटे



प्याज को डालकर लाइट ब्राउन होने तक भूनें। जब प्याज भुनने लगे तो साथ में मैश किया हुआ चिकन डालकर धीमी आंच पर भूनें। इसे कलर बदलने तक भूनना है। फिर बारीक कटी पत्तागोभी, गाजर और शिमला मिर्च डाल दें। अच्छी तरह से चलाएं और सब्जियों को थोड़ा पक जाने दें। जब सब्जियां अच्छी तरह से मिक्स हो जाएं तो काली मिर्च, नमक, लाल मिर्च डाल दें। साथ में चिकन मसाला, सोया सॉस डालें। एक कप सूजी डालकर भूनें। फिर दो कप पानी डालकर सबको अच्छी तरह से मिक्स कर लें। अब गैस की फ्लेम को तेज करें और पानी सुखाने और मिक्सचर को सुखाने तक चलाते हुए पकाएं। जब मिक्सचर सूखकर कड़ा हो जाए तो पैन से निकालकर ठंडा कर लें। अब एक प्लेट में ब्रेड क्रम्ब्स और दूसरी प्लेट में दो अंडों को लें। अंडों को अच्छी तरह से फेंट लें। जिससे समान मात्रा में लगे। अब तैयार मिक्सचर को शेप देकर पहले अंडे फिर ब्रेड क्रम्ब्स से कोटिंग करें। बस तेल गर्म करें और सुनहरा होने तक तलें।

# सेहत के लिए अमृत समान है अंकुरित मूंग दाल

### इम्यूनिटी बूस्ट और वजन करेगी कम, ऐसे करें सेवन

अच्छी लाइफस्टाइल के लिए हेल्दी खान-पान बेहद जरूरी होता है. इसके लिए लोग कई तरह की चीजों का सेवन करते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि मूंग भी आपके लिए फायदेमंद हो सकती है. हालांकि, एक्सपर्ट मूंग को भिगोकर खाली पेट खाने की सलाह देते हैं. बता दें कि, अंकुरित मूंग में प्रोटीन, फाइबर, मैग्नीशियम, फॉस्फोरस, पोटैशियम, जिंक, आयरन, मिनरल, एंटी-ऑक्सिडेंट, कॉपर, विटामिन ए, विटामिन बी, विटामिन सी, विटामिन ई जैसे तत्व भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं. साथ ही अंकुरित मूंग में फैट की मात्रा कम पाई जाती है. खाली पेट अंकुरित मूंग का सेवन करने से शरीर में एनर्जी बनी रहती है, साथ ही स्वास्थ्य संबंधी कई समस्याएं भी दूर होती है. आइए यूएचएम जिला अस्पताल कानपुर की आयुर्वेदाचार्य डॉ. विभा वर्मा से जानते हैं खाली पेट अंकुरित मूंग खाने के लाभ.

**इम्यूनिटी बूस्ट करे:** डॉ. विभा वर्मा बताती हैं कि, नियमित अंकुरित मूंग खाना सेहत के लिए बेहद फायदेमंद होता है. यह एंटी-ऑक्सीडेंट का अच्छा स्रोत मानी जाती है. इसलिए यदि आप खाली पेट अंकुरित मूंग का सेवन करते हैं, तो इससे इम्यूनिटी बूस्ट होती है. इसको रोज एक मुट्ठी खाने से आप वायरस और बैक्टीरिया की चपेट में आने से बचे रह सकते हैं.

**वजन घटाए:** शरीर के बढ़ते वजन को कंट्रोल करने के लिए मूंग



बेहतर ऑप्शन है. ऐसे में यदि आप मोटापा घटाना चाहते हैं, तो आपको खाली पेट अंकुरित मूंग का सेवन करना चाहिए. दरअसल, अंकुरित मूंग प्रोटीन और फाइबर की अच्छी स्रोत मानी जाती है, साथ ही इसमें फैट की भी कम मात्रा होती है, जो वजन को कम करने में मददगार साबित होता है.

**खून की कमी सुधारे:** शरीर में खून की कमी कई परेशानियों को बढ़ा सकती है. ऐसे में अंकुरित मूंग की दाल लाभकारी साबित हो सकती है. दरअसल, मूंगदाल में आयरन की मौजूदगी होती है, जो हीमोग्लोबिन के स्तर को बढ़ाने में मदद करता है. ऐसे में यदि आप रोज एक मुट्ठी अंकुरित मूंग खाते हैं तो खून की कमी को दूर किया जा सकता है.

**मांसपेशियों को करे स्ट्रॉन्ग:** शरीर मजबूती देने के लिए भी मूंग दाल का सेवन किया जा सकता है. अंकुरित मूंग का सेवन मांसपेशियों के लिए किसी वरदान से कम नहीं होता है. बता दें कि, मूंग दाल में प्रोटीन अच्छी मात्रा में पाया जाता है, जो मांसपेशियों को मजबूती देने का काम करता है. इसके अलावा रोज अंकुरित मूंग खाने से शरीर में प्रोटीन की कमी भी नहीं होती है.

**आंखों को रखे हेल्दी:** नियमित खाली पेट अंकुरित मूंग का सेवन आंखों के लिए फायदेमंद माना जाता है. दरअसल, अंकुरित मूंग में विटामिन ए पाया जाता है, जो आंखों की रोशनी को तेज करने में मदद करता है. इसके साथ ही आंखों से जुड़ी कई परेशानियां भी दूर होती हैं.

**शुगर लेवल घटाए:** डायबिटीज के मरीजों के लिए खाली पेट अंकुरित मूंग का सेवन काफी असरदार साबित होता है. बता दें कि, अंकुरित मूंग में एंटी डायबिटिक प्रभाव पाया जाता है, जो ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने में मदद करता है. एक्सपर्ट इसके लिए रोज एक मुट्ठी अंकुरित दाल खाने की सलाह देते हैं.

## आज का राशिफल



**मेष :** लेनदारी वसूल करने के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। समय पर कर्ज चुका पाएंगे। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगी। शेयर मार्केट, म्युचुअल फंड इत्यादि से लाभ होगा।


**वृषभ :** शारीरिक कष्ट संभव है। पारिवारिक समस्या से चिंता बढ़ सकती है। नई आर्थिक नीति बन सकती है। कार्यस्थल पर सुधार व परिवर्तन से भविष्य में लाभ होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। पार्टनरों का सहयोग कार्य में गति प्रदान करेगा। शत्रु सक्रिय रहेंगे।


**मिथुन :** धार्मिक कार्य में मन लगेगा। कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। भाग्य का साथ मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में उन्नति होगी। निवेशादि करने का मन बनेगा। विवेक से कार्य करें, लाभ होगा। शत्रु सक्रिय रहेंगे।


**कर्क :** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। धनागम होगा। प्रतिद्वंद्वी अपना रास्ता छोड़ देंगे। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। किसी भी प्रकार के झगड़ों में न पड़ें। वाणी पर नियंत्रण रखें। जोखिम के कार्य टालें। व्यवसाय ठीक चलेगा।


**सिंह :** संपत्ति की खरीद-फरोख्त में सफलता मिलेगी। स्थायी संपत्ति की दलाली बड़ा लाभ दे सकती है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। सभी ओर से खुश खबरें प्राप्त होंगी। पारिवारिक चिंता रहेगी। अज्ञात भय सताएगा। जमानत के कार्य टालें।


**कन्या :** व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। भूमि व भवन संबंधी कार्य लाभदायक रहेंगे। ऐश्वर्य के साधनों पर व्यय होगा। आय के साधनों में वृद्धि होगी। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। शेयर मार्केट में निवेश लाभदायक रहेगा।


**तुला :** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में संतोष रहेगा। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। कष्ट संभव है।


**वृश्चिक :** प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। पुराना रोग उभर सकता है। दुःखद समाचार प्राप्त हो सकता है। विवाद से क्लेश संभव है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। किसी अपरिचित व्यक्ति पर अतिविश्वास न करें। आय बनी रहेगी।


**धनु :** कानूनी अड़चन सामने आएगी। अज्ञात भय सताएगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। प्रयास सफल रहेंगे। पराक्रम बढ़ेगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। भाग्य का साथ मिलेगा। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे।


**मकर :** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी व्यक्ति के व्यवहार से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। घर में अतिथियों का आगमन होगा। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। नौकरी में अधिकार मिल सकते हैं। शेयर मार्केट से लाभ होगा। बाहर जाने का मन बनेगा।


**कुंभ :** सुख के साधनों पर व्यय होगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। निवेश शुभ रहेगा। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। सट्टे व लॉटरी से दूर रहें। नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है। चोट व रोग से बचें। यश बढ़ेगा।


**मीन :** व्यवसाय ठीक चलेगा। आय बनी रहेगी। शारीरिक कष्ट से बाधा संभव है। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी अपरिचित व्यक्ति पर भरोसा न करें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। अपरिचित व्यक्ति पर विश्वास न करें।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# सेहत के लिए क्या ज्यादा फायदेमंद, अंडा या दूध?

सेहत के लिए अंडा ज्यादा बेहतर होता है या दूध? यह एक ऐसा सवाल है, जिस पर लंबे समय से बहस होती रही है. अंडा और दूध दोनों को काफी पसंद किया जाता है. इन दोनों ही चीजों में भरपूर मात्रा में पोषक तत्व होते हैं, जिनसे शरीर को फायदा होता है. अंडा और दूध को प्रोटीन का बेहतरीन सोर्स माना जाता है. जो लोग मसल्स की ग्रोथ को बेहतर करना चाहते हैं, उन्हें इन दोनों चीजों के सेवन करने की सलाह दी जाती है. सिर्फ प्रोटीन ही नहीं, बल्कि इन दोनों फू में कई विटामिन और मिनरल्स होते हैं. आज जानने की कोशिश करेंगे कि दोनों चीजों में से किस में ज्यादा पोषक तत्व होते हैं.

हेल्थलाइन की रिपोर्ट के अनुसार एक उबले हुए अंडे में करीब 6.3 ग्राम प्रोटीन, 77 कैलोरी, 5.3 ग्राम टोटल फैट, 212 मिलीग्राम कोलेस्ट्रॉल, 0.6 ग्राम कार्ब्स, 25 मिलीग्राम कैल्शियम, समेत विटामिन A, विटामिन B2, विटामिन B12, विटामिन B5, फॉस्फोरस, सेलेनियम समेत तमाम पोषक तत्व होते हैं. खास बात यह है कि इसमें कोलेस्ट्रॉल की मात्रा अधिक होती है, लेकिन यह ब्लड कोलेस्ट्रॉल पर कम असर करता है और हार्ट डिजीज को जोखिम नहीं बढ़ाता है. हालांकि जिन लोगों को हाई कोलेस्ट्रॉल की समस्या है, वे अंडा खाने से पहले अपने डॉक्टर या डाइटिशियन से कंसल्ट कर सकते हैं.



एक अन्य रिपोर्ट के मुताबिक एक कप में करीब 250 ग्राम दूध होता है. इसमें 8.14 ग्राम हाई क्वालिटी प्रोटीन, 152 कैलोरी, 12 ग्राम कार्ब्स, 12 ग्राम शुगर, 8 ग्राम फैट, 250 मिलीग्राम कैल्शियम, विटामिन B12, राइवोफ्लेविन, फॉस्फोरस समेत तमाम पोषक तत्व पाए जाते हैं. दूध में 88 प्रतिशत पानी होता है, जो शरीर को हाइड्रेटेड रखने में मदद करता है. दूध में कुछ मात्रा में व्हे प्रोटीन भी पाया जाता है. दूध को प्रोटीन के साथ कैल्शियम का बेहतरीन सोर्स माना जाता है. खास बात यह है कि दूध से मिलने वाला कैल्शियम शरीर में आसानी से अब्जॉर्ब हो जाता है.

अगर दूध और अंडा की न्यूट्रिशिनल वैल्यू की बात करें, तो दोनों ही चीजों में अच्छी मात्रा में प्रोटीन होता है. दूध में अंडा की अपेक्षा कैल्शियम ज्यादा होता है. साथ ही अंडा में कोलेस्ट्रॉल ज्यादा होता है, जबकि दूध में ऐसा नहीं होता है. दोनों ही चीजों में कैलोरी की मात्रा बहुत ज्यादा नहीं होती है और इनका सेवन करना सुरक्षित माना जाता है. कुल मिलाकर अगर आप वेजिटेरियन हैं, तो दूध का जमकर सेवन करें. अगर आप अंडा खाते हैं, तो सप्ताह में 4-5 अंडे खा सकते हैं. हालांकि दूध आप रोज पी सकते हैं और कई बार पी सकते हैं. ज्यादा दूध पीने का कोई साइड इफेक्ट नहीं होता है.

# सहजन की फलियां खाना है फायदेमंद



मार्च-अप्रैल के महीने में सहजन के पेड़ पर हरी-हरी फलियां लगनी शुरू हो जाती हैं। जिनको हर दिन अगर डाइट में लिया जाए तो मौसमी बीमारियों से आसानी से बचा जा सकता है। यहीं नहीं ये फलियां सेहत के लिए बेहद फायदेमंद हैं। अक्सर इन्हें ड्रमस्टिक या मोरिंगा के नाम से लोग जानते हैं। सहजन का इस्तेमाल आयुर्वेद में कई तरह की बीमारियों में किया जाता है। लेकिन इसके न्यूट्रिशनल गुणों की वजह से सहजन की फलियों को खाने से इतने सारे फायदे होते हैं।

### ब्लड शुगर को घटाने में मदद

सहजन की फलियां हर दिन खाने से ये ब्लड शुगर लेवल को बढ़ने रोकता है। इसलिए इसे एंटी डायबिटिक भी कहते हैं।

### बुखार उतारने में मदद

सर्दियों के खत्म होने के साथ ही कई तरह के वायरस फैलते हैं। ऐसे में सहजन की फलियां डाइट में लेने से बुखार को उतारने में मदद मिलती है। फार्म ईजी के अनुसार सहजन एंटी पायरेटिक गुण लिए होते हैं। वहीं इसके साथ ही ये पैरासाइट पर भी असर दिखाते हैं।

### अस्थमा के लिए फायदेमंद

सहजन की फलियों को अस्थमा की समस्या होने पर भी खाया जा सकता है। इसे एंटी अस्थमैटिक भी कहते हैं।

### कब्ज को दूर करने में मदद

सहजन की फलियों में मौजूद फाइबर कब्ज की समस्या को दूर करते हैं। इसमे लेक्सेटिव गुण होते हैं जो स्टूल को सॉफ्ट करने में मदद करते हैं।

### किडनी फंक्शन के लिए फायदेमंद

किडनी को स्वस्थ रखना है तो सहजन की फलियों को जरूर खाएं। सहजन के ढेर सारे फायदे हैं और इन फायदों को पाने का सबसे आसान तरीका है सहजन की फलियों को खाना। इसलिए डाइट में सहजन की फलियों ज्यादातर लोग खा सकते हैं। डायबिटीज से लेकर अस्थमा के पेशेंट, हाई फीवर में, किडनी को हेल्दी रखने के लिए सहजन की फलियों को खाना फायदेमंद है।

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### अयोध्या से लौट रही नवविवाहिता की मौत

**गोंडा.** गोंडा के नवाबगंज में कटरा भोग चंद मार्ग पर कोल्हमपुर मंदिर के निकट सोमवार की सुबह करीब आठ बजे गैस सिलेंडर लदा ट्रक व कार की आमने-सामने से जबरदस्त टक्कर हो गई टकरा गई। हादसे धानेपुर इलाके की कार सवार नवविवाहिता की मौत हो गई जबकि पति, पिता व भाई सहित परिवार के चार लोग घायल हो गए हैं। जिले के धानेपुर थानाक्षेत्र के भरतगंज चौराहा के रहने वाले दिवाकर पाण्डेय के मुताबिक बीते एक मार्च को उनकी बेटी रागिनी पांडेय की शादी करनैलगंज तहसील क्षेत्र के ग्राम बरदहा पोस्ट धनावा निवासी रवि तिवारी पुत्र अशोक कुमार तिवारी के साथ हुई थी। दो मार्च बेटी की विदाई कर दी गई थी। पहली होली के कारण बेटी ससुराल से मायके आ गई थी। घर परिवार में हंसी खुशी का माहौल था। रविवार को अयोध्या दर्शन करने के लिए वह अपने बेटी रागिनी, दामाद रवि तिवारी और बेटे निखिल पांडेय व अविरल पांडेय के साथ कार से गये हुए थे।

### महिला ने पति से मांगी 50 लाख की रंगदारी

**मुरादाबाद.** मुरादाबाद के मझोला थाना पुलिस ने नपार चाऊ की बस्ती निवासी मीनाक्षी, लाइनपार उसके परिजनों, सहेली रेनू और उसके पति मोहतशम के खिलाफ रंगदारी मांगने और धमकी देने का केस दर्ज किया है। यह केस मीनाक्षी के पति चंचल की तहरीर पर कोर्ट के आदेश से लिखा गया है। थाना मझोला के बैंक कालोनी खुशहालपुर निवासी अधिवक्ता चंचल विल्टोरिया ने दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया कि उसकी शादी लाइनपार चाऊ की बस्ती निवासी मीनाक्षी से हुई थी। महिला ने अपने पति से रंगदारी की मांग की। आरोप लगाया कि मीनाक्षी की मां शांति देवी, भाई सोनू पाल व शिवम पाल, भाभी ऊषा और मुगलपुरा के लाकड़ी बालान निवासी उसकी सहेली रेनू व रेनू के पति मोहतशम ने मीनाक्षी को अविवाहित गरीब बताकर शादी कराया था। शादी के बाद पता चला कि मीनाक्षी आवारा किस्म की औरत है और लोगों को प्रेमजाल में फसांकर उनसे शादी करती है। बाद में झूठी शिकायतें करके शादी तोड़कर रकम ऐंठती है।

### छात्र की चाकू मारकर हत्या

**आगरा.** आगरा में सिकंदरा के प्राक्षी टॉवर चौकी क्षेत्र स्थित जेसीबी मैदान में चाकू से हमला करके एक युवक की हत्या कर दी गई। वह तीन दोस्तों के साथ आया था। सभी मैदान में बैठकर मोबाइल पर भारत-न्यूजीलैंड का मैच देख रहे थे। तीन युवक वहां आए थे। उन्होंने हमला बोला। हत्या की वजह अस्पष्ट है। पुलिस मरने वाले युवक के दोस्तों से पूछताछ कर रही है। घटना रात करीब करीब साढ़े नौ बजे की है। आवास विकास कालोनी सेक्टर सात निवासी सिद्धांत गोविंदम (24) अपने मित्र शुभम, सिद्धार्थ और शशांक के साथ जेसीबी मैदान पर आया। चारों दोस्त मोबाइल पर चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल मैच देख रहे थे। पार्टी भी चल रही थी। शुभम, सिद्धांत और शशांक ने पुलिस को बताया कि इसी दौरान बाइक सवार तीन युवक वहां आए। आते ही उन्हें धमकाने लगे। कहने लगे यहां कैसे बैठे हो। उन्होंने जवाब दिया कि मैच देख रहे हैं। बाइक सवारों ने उन्हें धमकाना शुरू कर दिया। कहा जा रहा है कि उन्होंने पैसे भी मांगे। विरोध करने पर मारपीट की।

### बच्चों के सामने पति और देवर ने महिला को उतारा मौत के घाट, पहले मारी गोली फिर रेंता गला

**प्रयागराज.** प्रयागराज के धूमनगंज थानाक्षेत्र के नीवां में दिल दहला देनी वाली घटना सामने आई। पति व तीन देवरों ने मिलकर आंगनबाड़ी कार्यकत्री को पहले गोली मारी फिर चाकू से गला रेतकर मौत के घाट उतार दिया। हत्या को अंजाम देने के बाद चारों आरोपी फरार हो गए। एयरपोर्ट थानाक्षेत्र के पीपल गांव निवासी नरेश भारतीया की बेटी 36 वर्षीय प्रीति की नीवां निवासी राजेश भारतीया से शादी हुई थी। दंपती की 17 वर्षीय बेटी और 15 वर्षीय बेटा है। प्रीति आंगनबाड़ी कार्यकत्री थी। पुलिस के मुताबिक राजेश पत्नी पर शक करता था और आए दिन दोनों में झगड़ा होता था। शनिवार देर रात लगभग दो बजे एकबार फिर दंपती में कहासुनी हुई। आरोप है कि राजेश ने अपने भाई दीपू, दीपक और राकेश के साथ मिलकर प्रीति के पेट में गोली मार दी। इसके बाद चाकू से उसका गला रेत दिया।

# भारत की जीत के जुलूस के दौरान पथराव

- MP के महू में दो पक्ष भिड़े,
- दुकान-गाड़ियां फूंकीं
- पुलिस का लाठीचार्ज



**महू.** मध्यप्रदेश के महू में चैंपियंस ट्रॉफी में टीम इंडिया की जीत के बाद निकल रहे जुलूस के दौरान विवाद हो गया। दो गुट आमने-सामने आ गए। लोगों ने दुकानों और वाहनों को आग लगा दी। पेट्रोल बम भी फेंके गए। पुलिस ने स्थिति संभालने के लिए लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले भी छोड़े। सेना के जवानों ने भी मोर्चा संभाला। करीब ढाई घंटे बाद हालात काबू में आ सके।

घटना रविवार रात करीब 10 बजे की है। भारत की जीत के बाद 100 से ज्यादा लोग 40 से ज्यादा बाइक पर सवार होकर जुलूस निकाल रहे थे। इसमें शामिल लोग जय श्रीराम के नारे लगा रहे थे। इसी दौरान जामा मस्जिद के पास आतिशबाजी को लेकर कुछ लोगों के साथ विवाद हो गया। पीछे चल रहे पांच-छह लोगों को दूसरे पक्ष के लोगों ने रोक लिया और मारपीट शुरू कर दी।

#### पथराव के बाद बढ़ा विवाद

जब इस बात का पता आगे चल रहे लोगों को लगा तो उन्होंने पत्थर फेंके। इसके बाद दूसरे पक्ष के लोगों ने भी पत्थरबाजी शुरू कर दी। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया। बाइक सवार कुछ लोग पत्ती बाजार, कुछ कोतवाली और बाकी दूसरे क्षेत्र में निकल गए। इधर, गुस्साए लोगों ने पत्ती बाजार क्षेत्र में भी पथराव शुरू कर दिया। यहां घरों-दुकानों के बाहर खड़ी गाड़ियों में तोड़फोड़ करने लगे। पांच से छह लोगों के घायल होने की सूचना है।

#### 12 से ज्यादा बाइक और दो कारों में लगाई आग

उपद्रवियों ने पत्ती बाजार, मार्केट चौक, जामा मस्जिद, बतख मोहल्ला और धानमंडी में बाहर खड़ी करीब 12 से ज्यादा बाइक में आग लगा दी। दो कार में तोड़फोड़ कर आग लगाई गई। पत्ती बाजार क्षेत्र में प्रेस क्लब के अध्यक्ष राधेलाल के घर में आग लगाई। बतख मोहल्ले में एक दुकान को आग के हवाले किया। मार्केट चौक में दो दुकानों के बाहर आग

#### 4 थानों की पुलिस तैनात

बवाल बढ़ने पर आसपास के चार थानों के पुलिस बल को महू बुलाया गया। करीब 300 से ज्यादा बल तैनात किया। कलेक्टर आशीष सिंह और DIG निमिष अग्रवाल रात करीब डेढ़ बजे महू पहुंचे। उन्होंने शहर में पैदल घूमकर स्थिति का जायजा लिया।

#### 300 से ज्यादा पुलिस अफसर और जवान तैनात

हालात को काबू में करने के लिए पुलिस ने पत्ती बाजार और माणक चौक क्षेत्र में लाठीचार्ज किया। पत्ती बाजार क्षेत्र में आंसू गैस के गोले छोड़े। करीब ढाई घंटे बाद रात करीब 1 बजे स्थिति सामान्य हो सकी।

# 64 साल बाद होली और रमजान शुक्रवार को एक साथ


- पुलिस अफसर हाई अलर्ट पर
- संवेदनशील शहरों में ड्रोन से होगी निगरानी

**लखनऊ.** 'होली साल में एक बार पड़ती है, जुमे की नमाज तो हर सप्ताह पड़नी है। स्थगित भी हो सकती है। कोई बाध्यकारी तो है नहीं। अगर कोई व्यक्ति नमाज पढ़ना ही चाहता है तो अपने घर में पढ़ सकता है। जरूरी नहीं कि वह मस्जिद में ही जाए। जाना है, तो रंग से परहेज न करे।'

सीएम योगी आदित्यनाथ का यह कमेंट संभल के सीओ अनुज चौधरी के बयान के बाद आया। अनुज चौधरी ने क्या कहा, यह बताने से पहले ये जानते हैं कि होली और नमाज से जुड़े बयान क्यों चर्चा में हैं?

#### 1961 के बाद पहली बार बना ऐसा संयोग

दरअसल 64 साल के बाद होली का त्योहार और रमजान का शुक्रवार एक साथ पड़ रहा है। 14 मार्च को होली है, इस दिन रंग खेला जाएगा। इस दिन शुक्रवार भी है। इससे पहले 1961 में 4 मार्च



(शुक्रवार) को होली और रमजान का शुक्रवार साथ-साथ था।

1961 में किसी तरह के तनाव या दंगे-फसाद का रिकॉर्ड नहीं मिलता है। मुस्लिमों में शुक्रवार की अहमियत आम दिनों के मुकाबले ज्यादा होती है। शुक्रवार जब रमजान महीने का हो, तो उनके लिए इसका महत्व और बढ़ जाता है। इस दिन होली भी है और रंग खेला जाएगा। इसलिए पुलिस प्रशासन हाई अलर्ट पर है।

#### संभल सीओ ने कहा- घर में पढ़ें नमाज

6 मार्च को को संभल में पीस कमेटी की बैठक में सीओ अनुज चौधरी ने कहा था- शुक्रवार तो साल में 52 बार आता है, होली एक बार आती है। अगर रंग से परहेज है तो नमाज घर में ही पढ़ लेना।

हालांकि, बाद में अनुज चौधरी ने कहा- मेरा स्पष्ट संदेश है, जिसमें कैपेसिटी हो रंग खेलने की, जिसका बड़ा मन हो वह बाहर निकले। नहीं तो अनावश्यक कोई भी आदमी बाहर न निकले।

अपने बच्चों के साथ घर में बच्चों के साथ रहे। अपने घर में नमाज पढ़े। घर में भी तो पढ़ते हैं। कोरोना टाइम में भी तो घर में पढ़ी। साल में 52 जुमे आते हैं। इत्तफाक से इस बार जुमा होली के दिन आया है। यह बहुत छोटी-सी बात है। मैं यह चाहता हूं कि सब मिलकर होली खेलें। रंग से कोई छोटा बड़ा नहीं होता।

### इजराइली टूरिस्ट गैंगरेप केस- तीसरा आरोपी गिरफ्तार

**हम्पी.** कर्नाटक के टूरिस्ट प्लेस हम्पी में हुए गैंगरेप मामले में तीसरे आरोपी सरना बसव को सोमवार को चेन्नई से गिरफ्तार कर लिया गया। उसे कोप्पल लाया गया है। दो अन्य आरोपी कल (9 मार्च) को अरेस्ट हो गए थे। 6 मार्च को तुंगभद्रा नहर के किनारे 27 साल की एक इजराइली महिला टूरिस्ट और एक होम-स्टे ओनर के साथ तीन लोगों ने गैंगरेप किया था। वारदात रात करीब 10:30 बजे हुई थी। पीड़ित महिलाएं नहर के किनारे बैठी हुई थीं। महिलाओं के साथ 3 अन्य टूरिस्ट भी थे। इनमें से एक डेनियल अमेरिका से था, जबकि दो अन्य पंकज महाराष्ट्र से और बिबास ओडिशा से थे।

# राहुल बोले- देशभर में वोटर लिस्ट पर सवाल उठ रहे

- विपक्ष चाहता है गड़बड़ी पर चर्चा हो
- DMK सांसदों का ट्राय-लैंग्वेज पर हंगामा

**नई दिल्ली.** संसद के बजट सत्र का दूसरा फेज सोमवार को हंगामे के साथ शुरू हुआ। लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा- देशभर में वोटर लिस्ट पर सवाल उठ रहे हैं। पूरा विपक्ष बस यही कह रहा है कि वोटर लिस्ट पर चर्चा होनी चाहिए।



इससे पहले सुबह सदन शुरू होते ही लोकसभा में DMK सांसदों ने हंगामा किया। DMK सांसद नई शिक्षा नीति (NEP) और ट्राय-लैंग्वेज को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। वे शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के करीब पहुंचकर नारेबाजी कर रहे थे। इसके बाद स्पीकर ने लोकसभा की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक स्थगित कर दी।

केंद्र सरकार नई शिक्षा नीति और ट्राय-लैंग्वेज पॉलिसी लाई है। इसके तहत स्थानीय भाषा के अलावा अंग्रेजी और हिन्दी पढ़ाना अनिवार्य रखा गया है। तमिलनाडु सरकार इसका विरोध कर रही है। उसका कहना है कि हम पर हिन्दी जानबूझकर थोपी जा रही है। DMK सांसद इसी का विरोध कर रहे हैं।

विवाद पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा- DMK के लोग बेईमान हैं। वे तमिलनाडु के छात्रों के प्रति प्रतिबद्ध नहीं हैं। वे तमिलनाडु के छात्रों का भविष्य बर्बाद कर रहे हैं। उनका एकमात्र काम भाषा की बाधाएं खड़ी करना है। वे राजनीति कर रहे हैं। वे अलोकतांत्रिक और असभ्य हैं।

# गुजरात की बेटी शॉना को अंतरिक्ष में भेजेगा कनाडा

- शॉना पंड्या बोलीं- नवरात्रि-दिवाली मेरे पसंदीदा त्योहार



'भले ही मैं कनाडा में रहती हूं, लेकिन मेरा पालन-पोषण बहुत साधारण तरीके से हुआ है। मैंने अपने पिता को घर पर प्रतिदिन 15 घंटे काम करते देखा है। मां ने भी बहुत मेहनत की है, इसलिए मुझे कभी ऐसा महसूस नहीं हुआ कि मैं आलसी हूँ। यहां तक कि कनाडा में भी घर पर पूरा दिन गुज्जू का माहौल रहता है।

दैनिक पूजा-पाठ से लेकर मंदिर जाने और सभी त्योहार मनाने तक का क्रम बरकरार है। अब, इससे पहले कि मैं अंतरिक्ष में जाऊं, मैं चाहता हूं कि सुनीता दीदी सुरक्षित लौट आएं ताकि हम एक-दूसरे से मिल सकें। आखिर हम दोनों ही पांड्या बेटियां हैं...'

ये शब्द हैं डॉ. शॉना पांड्या के जो मूल रूप से गुजरात के कोडिनार की रहने वाली हैं और अब कनाडा की पहली व्यावसायिक महिला अंतरिक्ष यात्री हैं।

शॉना पेशे से डॉक्टर (एम.डी., फिजीशियन) हैं और 2026 के अंत में अंतरिक्ष में उड़ान भरने जा रही हैं। वे सुनीता विलियम्स के बाद दूसरी गुजराती होंगी जो अंतरिक्ष में जाने वाली हैं।

अंतरिक्ष यात्री बनने के बारे में शॉना कहती हैं, 'मेरा बचपन से ही एक सपना था। जब मैं छोटी था तब भी मैं अंतरिक्ष यात्रियों की जीवनियां और किताबें पढ़ा करती थी। उस समय, कनाडा की पहली महिला अंतरिक्ष यात्री रॉबर्टा बोंडार अंतरिक्ष में गयीं। मैं उनसे बहुत प्रेरित हुई। मैंने भी फैसला लिया कि मैं भी बोंडार की तरह मेडिसिन की पढ़ाई करूंगी न्यूरोसाइंटिस्ट बनूंगी, और फिर अंतरिक्ष यात्री बनूंगी।

# एअर इंडिया की फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी




- साढ़े 8 घंटे बाद मुंबई लौटी,
- 322 पैसेंजर सवार थे
- टॉयलेट में रखी थी धमकी वाली चिट्ठी

**मुंबई.** मुंबई से न्यूयॉर्क जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट AI-119 को सोमवार सुबह बम से उड़ाने की धमकी मिली। इसके बाद फ्लाइट को मुंबई लौटना पड़ा। फ्लाइट में 19 क्रू मेंबर्स समेत 322 यात्री सवार थे। एयर इंडिया ने बताया कि फ्लाइट के वॉशरूम में एक नोट मिला, जिसमें बम की धमकी दी गई थी। सुरक्षा प्रोटोकॉल को ध्यान में रखते हुए रास्ते से ही विमान को मुंबई के लिए डायवर्ट कर दिया गया।

विमान 10:25 बजे मुंबई पहुंचा। फिलहाल सुरक्षा एजेंसियां जांच में जुटी हुई हैं। एयर इंडिया ने बताया कि यात्रियों को हुई असुविधा के लिए हमें खेद है। हम 11 मार्च को सुबह 5 बजे दोबारा उड़ान भरेंगे। यात्रियों को होटल आवास, भोजन और अन्य आवश्यक सहायता प्रदान की गई है।

एयर इंडिया की फ्लाइट AI119 मुंबई एयरपोर्ट के टर्मिनल-2 से रात 1:43 बजे न्यूयॉर्क के लिए उड़ान भरी थी।

#### फ्लाइट 11 मार्च सुबह 5 बजे के लिए रिशेड्यूल किया गया

एयरलाइन ने कहा कि यात्रियों को किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए खाने और ठहरने की पूरी व्यवस्था की गई है। फ्लाइट को अब 11 मार्च सुबह 5 बजे के लिए रिशेड्यूल किया गया है।

एअर इंडिया ने बयान में कहा- हमारी टीम जमीनी स्तर पर लगातार काम कर रही है ताकि यात्रियों को कोई असुविधा न हो। हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता यात्रियों और क्रू की सुरक्षा है।

### गोवा-गुजरात में अकेले चुनाव लड़ेगी AAP

**मडगांव.** 2025 के दिल्ली विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद आप बैकफुट पर चल रही है। आप नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने आने वाले चुनावों में गठबंधन पर बड़ा बयान दिया है। आतिशी ने कहा कि पार्टी कांग्रेस के साथ गठबंधन किए बिना गोवा और गुजरात में 2027 का चुनाव अकेले लड़ेगी। दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री मडगांव में पार्टी कार्यालय का उद्घाटन करने के लिए तटीय राज्य के एक दिवसीय दौरे पर थीं।

# छत्तीसगढ़ के पूर्व CM भूपेश के घर ED की रेड

- शराब घोटाले में बेटे चैतन्य के ठिकानों समेत 14 जगहों पर छापेमारी
- दस्तावेजों की जांच

**रायपुर.** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और AICC महासचिव भूपेश बघेल और बेटे चैतन्य के घर पर ED ने छापेमारी की है। उनके भिलाई-3 पदुमनगर स्थित घर पर आज (सोमवार) सुबह चार



गाड़ियों में टीम पहुंची। दस्तावेज खंगाले जा रहे हैं। चैतन्य बघेल से जुड़े कई ठिकानों समेत 14 जगहों पर छापे पड़े हैं।

ED के मुताबिक, शराब घोटाला मामले में कार्रवाई की गई है। 21 सौ करोड़ के शराब घोटाले में चैतन्य बघेल को भी लाभ पहुंचाया गया है। चैतन्य के करीबी और सहयोगी लक्ष्मीनारायण बंसल और पप्पू बंसल के ठिकानों पर भी कार्रवाई चल रही है।

इसके अलावा भिलाई के नेहरू नगर में मनोज राजपूत, चरोदा में अभिषेक ठाकुर और संदीप सिंह, कमल अग्रवाल किशोर राइस मिल दुर्ग, सुनील अग्रवाल सहेली ज्वेलर्स दुर्ग और बिल्डर अजय चौहान के यहां भी ED की कार्रवाई चल रही है।


# उमर ने गुलमर्ग फैशन शो की जांच का आदेश दिया

- मॉडल्स ने खुले में रैंप वॉक किया था
- धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप

**जम्मू.** कश्मीर के गुलमर्ग में 8 मार्च को एक फैशन शो हुआ था। आरोप है कि शो में कई अर्धनग्न मॉडलों ने बर्फ पर रैंप वॉक किया। इसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं।

स्थानीय लोगों ने धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया है। लोगों का कहना है कि सरकार रमजान में ऐसे फैशन शो के आयोजन की अनुमति कैसे दे सकती है?

इस मामले पर जम्मू-कश्मीर



विधानसभा में भी हंगामा हुआ। नेशनल कॉन्फ्रेंस (NC) और कांग्रेस के विधायकों ने चर्चा की मांग की। मामले की गंभीरता देखते हुए सीएम उमर अब्दुल्ला ने फैशन शो की जांच के आदेश दिए हैं।

**उमर अब्दुल्ला ने कहा-** जो कुछ भी मैंने देखा, वह किसी भी समय और खासतौर पर रमजान के महीने में आयोजित नहीं किया जाना चाहिए था।

यह शो फैशन डिजाइनर जोड़ी शिवन और नरेश ने ऑर्गनाइज किया था। मामले के तूल पकड़ने पर शिवम-नरेश ने माफी मांग ली है।

**मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला:** यह एक प्राइवेट इवेंट था। इसमें सरकार का कोई इन्वॉल्वमेंट नहीं था। इसमें कोई सरकारी अनुमति नहीं ली गई थी। अगर किसी भी कानून का उल्लंघन हुआ है तो हम सख्त कार्रवाई करेंगे।

**तनवीर सादिक (विधायक, सत्ताधारी नेशनल कॉन्फ्रेंस):** यह शो नहीं होना चाहिए था। जम्मू-कश्मीर सूफी संतों की भूमि है। यहां पर आधे नग्न शो का आयोजन अस्वीकार्य है। मुख्यमंत्री ने इस घटना का संज्ञान लिया है और रिपोर्ट मांगी है। वे सख्त कार्रवाई का आश्वासन दे चुके हैं।

**खुर्शीद अहमद शेख (विधायक, जम्मू-कश्मीर इत्तेहाद पार्टी):** रमजान के दौरान ऐसी घटना शर्मनाक है। यह हमारी संस्कृति पर सीधा हमला है। मामले में हम मुख्यमंत्री से सीधी कार्रवाई की मांग करते हैं।

# वरदान लोक आश्रम में होगा केदारनाथ धाम स्थापित



- ब्रह्म विष्णु महेश का प्रतीक भगवान शिव -आचार्य सुधांशु

**ठाणे.** विश्व जागृति मिशन मुम्बई में पहाड़ों की तलहटी पर बसे वरदान लोक आश्रम में केदारनाथ मंदिर धाम का निर्माण किया जायेगा. प्रसाद भक्ति सत्संग कार्यक्रम के अंतिम दिन भक्त गणों को संबोधित करते हुए आचार्य सुधांशु महाराज ने कहा कि ब्रम्हा,विष्णु महेश के प्रतीक भगवान शिव हैं. यहां वरदान लोक आश्रम के प्रधान श्री शेर सिंह अग्रवाल जी ने सभी भक्तों तथा अधिकारियों की ओर से स्वागत एवं अभिनन्दन किया. गुलशन धीर, सावित्री पाठक,महासचिव आलोक सिंह,आचार्य पवन तिवारी, भक्त नरहरि तिवारी आदि भक्त गणों सहित सुधांशु महाराज के दर्शन व सत्संग रसपान करने बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे.

मिशन के कल्पनापुरुष पूज्य महाराजश्री ने कहा कि एक ही मूर्ति या स्वरूप में तीनों देवता अनुभव आते हैं, वह कोई और नहीं शिवालय में स्थापित भगवान शिव ही हैं. शिव की आराधना करते हुए शिव के रूप में पूजन होता है वही है शिवलिंग. भगवान शिव की प्रार्थना करके पूज्य गुरुदेव ने सभी की कल्याण की कामना की और वरदान लोक आश्रम में ही केदारनाथ धाम स्थापित करने की प्रेरणा दी. जो अपने गुरु और भगवान को समर्पित होकर अपनी श्रद्धा प्रकट करने वाले भक्तों के ऊपर अवश्य कृपा होती है. महाराजश्री जी ने कहा कि श्रद्धा आपको भगवान के चरणों तक पहुंचने में मदद करता है.

पांच दिवसीय प्रसाद भक्ति सत्संग महोत्सव एवं रजत जयंती समारोह ठाणे का समापन वरदान लोक आश्रम में हजारों गुरु भक्तों की मौजूदगी में आरती के साथ सम्पन्न हुआ.

# रोहित बोले- वनडे से संन्यास नहीं ले रहा

- विराट ने कहा- तसल्ली है कि टीम सुरक्षित हाथों में है

टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा वनडे से संन्यास नहीं ले रहे हैं। उन्होंने रविवार को चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद प्रेस कॉफ्रेंस में यह साफ कर दिया कि वह आगे भी खेलते रहेंगे।

टीम इंडिया ने चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराया। मैच के बाद संन्यास के बारे में पूछे गए सवाल पर रोहित ने कहा कि कोई भविष्य की योजना नहीं है, जो चल रहा है चलेगा। उन्होंने कहा कि मैं इस फॉर्मेट से संन्यास नहीं लेने जा रहा हूं। रोहित की कप्तानी में भारत ने पिछले साल टी-20 वर्ल्ड कप-2024 का खिताब अपने नाम किया था। इसके बाद रोहित की कप्तानी में ही चैंपियंस ट्रॉफी-2025 का खिताब जीता है। इसी के साथ रोहित ने महेंद्र सिंह धोनी की बराबरी भी कर ली है। वह धोनी के बाद एक से ज्यादा ICC ट्रॉफी जीतने वाले भारत के दूसरे कप्तान बन गए हैं।

#### रोहित ने फाइनल में 76 रन की पारी खेली

रोहित ने फाइनल मैच में 76 रन की पारी खेली और प्लेयर



ऑफ द मैच चुने गए। रोहित ने अपनी पारी के बारे में बात करते हुए कहा, मैं इस तरह की बल्लेबाजी करना चाहता था। जब आप कुछ अलग करते हो तो आपको टीम मैनेजमेंट का समर्थन चाहिए होता है। मैंने पहले राहुल भाई (राहुल द्रविड़ भारत के पूर्व कोच) और फिर गौती भाई से बात की। मैं बीते कुछ सालों से अलग स्टाइल में खेल रहा हूं। हमें अब रिजल्ट मिल रहे हैं।

विराट ने मैच के बाद कहा कि जब वो और दूसरे बड़े खिलाड़ी इस टीम को छोड़कर जाएंगे तो उन्हें इस बात की तसल्ली होगी कि भारतीय टीम सुरक्षित हाथों में है। उन्होंने कहा यह अद्भुत रहा है, हम ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद वापसी करना चाहते थे। युवाओं के साथ खेलना बहुत अच्छा लगा। वे आगे बढ़ रहे हैं और भारत को सही दिशा में ले जा रहे हैं।

# काशी में मसाने की होली

- मुंह से उगले आग के गोले
- विदेशी बोले- ऐसा पहले नहीं देखा

**वाराणसी.** वाराणसी में मसाने की होली शुरू हो गई है। डीजे, ढोल और डमरू की ताल पर शिवभक्त थिरक रहे हैं। खेले मसाने में होरी...गाने पर मां काली और शिव बने कलाकार तांडव कर रहे हैं।

एक तरफ चिताओं से उठता धुआं है, दूसरी तरफ राख की होली। यानी खुशी और गम साथ-साथ। आम इंसान जो चिता की राख से दूर भागता है, वो भी एक चुटकी राख के लिए घंटों इंतजार कर रहा है।

भीड़ इतनी कि पैर रखने तक की



भी जगह नहीं है। कीनाराम आश्रम से शिव बारात निकल गई है। शिवभक्त तांडव करते हुए 2 किमी दूर हरिश्चंद्र घाट जा रहे हैं। यहां जलती चिताओं के बीच नागा संन्यासी चिता भस्म की होली खेलेंगे। इस होली को देखने के लिए 20 देशों से 5 लाख टूरिस्ट पहुंचे हैं। विदेशी युवक ने कहा- मैं इंजॉय कर रहा हूं। ऐसा मैंने पहले कभी नहीं देखा था। यह बहुत ही सुंदर है। इस बार कमेटी ने महिलाओं को चिता भस्म की होली में शामिल होने की इजाजत नहीं दी है।

संक्षेप...

## प्लेटफार्म की छत पर कचरे में लगी आग

**ठाणे.** ठाणे रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म एक व दो के बीच सैटिस के सीमेंट पतरे की छत पर सोमवार को अपरान्ह कचरे में आग लगने से यात्रियों में अफरातफरी मच गयी.

ठाणे स्टेशन पर प्लेटफार्म संख्या एक और दो एक दूसरे से सटे हुए हैं. मुम्बई की ओर जाने वाली ट्रेनें प्लेटफार्म नम्बर 1 से चलती हैं. जबकि कर्जत-कसारा जाने वाली ट्रेनें प्लेटफार्म दो पर रुकती हैं. प्लेटफार्म एक व दो के बीच पतरे की छत पर घास और पास के पेड़ में सोमवार को शाम करीब 4.15 बजे आग लग गई. घटना की सूचना मिलते ही स्टेशन मास्टर, रेलवे पुलिस के जवान, आपदा प्रबंधन विभाग के जवान और दमकल की गाड़ी के साथ दमकल कर्मी मौके पर पहुँच गए.

# अजित पवार ने विस में पेश किया बजट

## 50 लाख रोजगार, नवी मुंबई बनेगा ग्रोथ हब, ठाणे तक एलिवेटेड रोड

**मुंबई.** महाराष्ट्र के वित्त मंत्री अजित पवार ने सोमवार 10 मार्च को राज्य विधानसभा में बजट पेश किया. अपने बजट भाषण में अजित पवार ने कहा,'मुंबई महानगर क्षेत्र को अंतरराष्ट्रीय स्तर के आर्थिक विकास केंद्र यानी ग्रोथ हब के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया गया है. ये केंद्र 7 स्थानों पर बनाए जाने हैं, जिनमें बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, कुर्ला-वर्ली, वडाला, गोरेगांव, नवी मुंबई, खारघर और विरार-बोइसर शामिल हैं.'

वित्त मंत्री पवार ने आगे कहा,'उद्देश्य यह है कि मुंबई महानगर क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को वर्तमान 140 बिलियन डॉलर से 2030 तक 300 बिलियन डॉलर और 2047 तक 1.5 ट्रिलियन डॉलर तक ले जाया जाए.'

वित्त मंत्री के रूप में पवार का यह 11वां बजट है। अपने बजट भाषण में पवार ने कहा कि 40 लाख करोड़ रुपये के निवेश के लक्ष्य के लिए, जल्द ही राज्य में नई उद्योग नीति की घोषणा की जाएगी। इसके जरिए 50 लाख का रोजगार का सृजन हो सकेगा। उन्होंने अपने बजट भाषण में कहा कि मुंबई महानगर क्षेत्र (MMR) का GDP 2030 में 240 अरब डॉलर से 300 अरब डॉलर तक बढ़ जाएगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि 2047 तक यह बढ़कर 1.5 ट्रिलियन डॉलर हो जाएगा। पवार ने कहा कि राज्य 2047 तक विकसित भारत के प्रधानमंत्री के सपने को साकार करने में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, ₹मैं वित्तीय



वर्ष 2025-26 के लिए बजट पेश कर रहा हूं। महाराष्ट्र 2047 तक विकसित भारत के प्रधान मंत्री के सपने को पूरा करने में नंबर एक होगा। महाराष्ट्र विदेशी प्रत्यक्ष निवेश में नंबर एक है।₹ पवार ने यह भी कहा कि दावोस में एमओयू पर हस्ताक्षर करने वाली 56 कंपनियां 15.72 लाख करोड़ रुपये के निवेश लाएंगी और 16 लाख नौकरियां पैदा करेंगी। उन्होंने आगे कहा, ₹महाराष्ट्र विदेशी प्रत्यक्ष निवेश में नंबर एक है। दावोस में, महाराष्ट्र ने 15.72 लाख करोड़ रुपये की 56 कंपनियों के साथ MoU पर हस्ताक्षर किए, जो 16 लाख लोगों को रोजगार प्रदान करेगा।

अजित पवार ने अपने बजट भाषण में घोषणा की है कि नवी मुंबई में 250 एकड़ में एक नई न्यू इनोवेशन सिटी की स्थापना की जाएगी। इसके अलावा उन्होंने नवी मुंबई से ठाणे के बीच एक एलिवेटेड रोड बनाने का भी ऐलान किया। पवार ने कहा कि यह सड़क नवी मुंबई तक कनेक्टिविटी देगी।

पवार ने कहा कि समृद्धि एक्सप्रेसवे का 99% काम पूरा हो गया है। उन्होंने कहा कि इगतपुरी और आमने के बीच तीसरे चरण का 76 किलोमीटर लंबे समृद्धि एक्सप्रेसवे जल्द ही खोला जाएगा। मुंबई में गेटवे ऑफ इंडिया से लकड़ी की बनी पुरानी नावों को चरणबद्ध तरीके से हटाया जाएगा। इसके लिए सरकार फिनान्स स्कीम लाएगी और नाविकों की मदद करेगी।पवार ने कहा कि इस कसाई द्वीप में लकड़ी की नाव के हालिया दुर्घटना में 15 लोग मारे गए थे।

पवार ने कहा कि अगले एक वर्ष में मुंबई और पुणे में कुल 64.4 किलोमीटर लंबी मेट्रो लाइनें बिछाई जाएंगी। इनमें से 41.2 किलोमीटर पुणे में और 23.3 किलोमीटर मुंबई में होगा।

वित्त मंत्री ने कहा कि शिरडी हवाई अड्डे पर जल्द ही नाइट लैंडिंग की शुरुआत होगी। उन्होंने कहा कि रत्नागिरी हवाई अड्डे के विकास के लिए 147 करोड़ रुपये की लागत से तेजी काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अमरावती में बेलोरा हवाई अड्डा का काम पूरा होने को है।

अजित पवार ने अपने बजट भाषण में 19,936 करोड़ रुपये का आवंटन लोक निर्माण विभाग के लिए किया है। पवार ने बजट में ऐलान किया कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की 100वी जयंती पर एक मेमोरियल पार्क मुंबई में बनाया जाएगा।

# पद्मशाली चषक 2025 का आयोजन



- **भाजपा विधायक महेश चौगुले द्वारा विजेता टीम को ट्राफी**
- **नकद राशि से किया सम्मानित**

**भिवंडी.** गोकुल नगर स्थित चैलेंज स्पोर्ट्स ग्राउंड में अखिल पद्मशाली समाज अध्यक्ष रामकृष्ण पोट्टू बतीनी एवं कार्याध्यक्ष राजू गाजेंगी के सौजन्य से पद्म शाली चषक 2025 का भव्य आयोजन किया गया.चषक का उद्घाटन भाजपा वरिष्ठ नेता उद्योगपति कृष्णा गाजेंगी द्वारा किया गया. विजेता टीम को ट्राफी,नकद पुरस्कार वितरण भाजपा विधायक महेश चौगुले के हाथों प्रदान किया गया.उक्त अवसर पर अखिल पद्मशाली समाज सचिव कल्याणप बालकिशन, उपाध्यक्ष कोंका मलेशम, निष्काम भैरी, कुंदेन पुरुषोत्तम, कोंडा गाजेंगी, श्रीधर रुद्रा, मोहन कोंडा सहित भारी संख्या में पद्मशाली समाज के पदाधिकारी, क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक एवं क्रिकेट खेल प्रेमी मौजूद थे.

गौरतलब हो कि,चैलेंज ग्राउंड में पद्मशाली चषक 2025 में कुल 12 टीमों ने भाग लेकर क्रिकेट खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया. फाइनल मैच में श्री साईं स्पोर्ट्स कोंबडपाड़ा और पीसीसी स्पोर्ट्स पद्मानगर के मध्य हुआ.दोनों टीमों के मध्य हुए शानदार प्रदर्शन में श्री साईं स्पोर्ट्स कोंबड पाड़ा को प्रथम विजेता टीम का पुरस्कार एवं पीसीसी स्पोर्ट्स पद्मानगर को द्वितीय विजेता टीम का संयुक्त रूप से ट्राफी, नकद पुरस्कार भाजपा विधायक महेश चौगुले, भाजपा वरिष्ठ नेता उद्योगपति कृष्णा गाजेंगी एवं गणमान्य अतिथियों द्वारा प्रदान कर सम्मानित किया गया.

## कोंकण संभागीय मान्यता समिति के अध्यक्ष पद पर मनोज जालनावाला की नियुक्ति



**नवी मुंबई.** 9 मार्च को आयोजित राज्य अधिस्वीकृती समिति की बैठक में अधिस्वीकृती समिति के अध्यक्ष यदु जोशी ने घोषणा की कि पत्रकार मनोज जालनावाला को कोंकण विभागीय अधिस्वीकृती समिति के अध्यक्ष के रूप में चुना जा रहा है। यह बैठक सूचना एवं जनसंपर्क महानिदेशालय, कोंकण संभाग द्वारा वरिष्ठ पत्रकार यदु जोशी की अध्यक्षता में नवी मुंबई महानगरपालिका मुख्यालय स्थित विशेष समिति कक्ष में आयोजित की गई थी।इस अवसर पर राज्य के वन मंत्री ना. गणेश नाईक, विधायक मंदाताई म्हात्रे, नवी मुंबई मनपा आयुक्त डॉ. कैलाश शिंदे और मनपा के सिटी इंजीनियर शिरीष आर्डवाड मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

## अस्पताल ले जाते समय विचाराधीन कैदी की मौत

**कल्याण.** कल्याण स्थित आधारवाड़ी जेल में 51 वर्षीय एक विचाराधीन कैदी की बेहोश होने के बाद अस्पताल ले जाते समय मौत हो गयी. खड़कपाड़ा पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि मृत कैदी ठाणे जिले के भाईंदर का निवासी था और गुर्दे की बीमारी से पीड़ित था. कैदी की हालत बिगड़ने पर उसे उल्हासनगर के सेंट्रल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया.

पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और दुर्घटनावश मौत का मामला दर्ज कर लिया गया है. उन्होंने बताया कि अधिकारी मौत का सही कारण जानने के लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं.

## PUBLIC NOTICE

Take Notice that I Smt. Sona Mohandas Shahani (Aadhar Card No. 9553 7885 4589) (Mob: 9822780545) residing at Flat No. 803, Tycoon Sapphire, Opp Addl commissioner of police office, Godrej Hill, Khadakpada, Barve Road, Kalyan 421301, am the mother, legal heir and one of the successors of my deceased son Shri Ram Mohandas Shahani who died inteste on 21/07/2024.

**He left behind following immovable properties**

(1) **PAWANDEEP ARCADE** Flat No. 302, Tower-A, Plot No. 755 and 705(P), Section 7(B), Opp Aman Cinema, Ulhasnagar-421002, Dist. Thane, assessed by Ulhasnagar Municipal Corporation vide Property No. 11BO-018296600

(2) **BIRLA VANYA-** PHASE-I 50% share in Flat/Unit No. 2104, Tower-F, Village Shahad, Dist. Thane.

(3) **ARADHANA FURNITURE** Half portion of Shop No 1111(North), U No. 129, Sheet No. 48, Portion of M.P. Road , Section 6-A, Furniture Bazar, Ulhasnagar-421002, Dist. Thane, Area adm. About 533 sq fts assessed by Ulhasnagar Municipal Corporation vide Property No. 28BI-1005026800.

(4) **SHAHENSHAH FURNITURE** Half portion of Shop No. 1147(A), bearing U. No. 165, Sheet No. 48, Jagannath Rao Bhosle Road, Furniture Bazar, Ulhasnagar-421003, Dist. Thane, adm. about 1035 sq fts assessed by Ulhasnagar Municipal Corporation vide Property No. 27BI-017377200.

It has come to my attention that (1) Smt. Sadhna Ram Shahani, (wife of Shri Ram Shahani) (2) Ms. Janvi Ram Shahani (Daughter of Shri Ram Shahani), (3) Smt. Sanvi Dhiraj Panjwani @ Bhavna Ram Shahani (Married Daughter of Shri Ram M. Shahani), are attempting to transfer the above-mentioned immovable properties in their name and then dispose of the same without obtaining my consent. General public is hereby informed that the matter pertaining to above-mentioned immovable properties is subjudice vide (1) Miscl. Civil Application No. 1253/2024. (2) Miscl. Civil Application No. 1092/2024 filed before the Hon'ble Civil Court, Sr. Division, Kalyan. I wish to make it clear that any one engaging in such transaction does so at their own risk, cost, and consequences, which please note. I here by assert my rightful claim to the inheritance and request that all concerned parties refrain from participating in any dealings related to the afore mentioned properties without proper authorization from me.

**Place:** Ulhasnagar
**Dt:** 11/03/2025

Sd/-
Smt. Sona Mohandas Shahani

# मूर्तिकारों के लिए शाडू मिट्टी एवं स्थान के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 15 मार्च तक

- **ठाणे मनपा मूर्ति बनाने के लिए मुफ्त शाडू मिट्टी व जगह उपलब्ध कराएगी**

**ठाणे.** पर्यावरण-अनुकूल गणेशोत्सव त्योहार मनाने के लिए मूर्ति निर्माताओं को ठाणे मनपा की ओर से मूर्ति बनाने के लिए मुफ्त में शाडू मिट्टी और जगह दी जाएगी ।अब तक 10 मूर्तिकारों ने शाडू मिट्टी और 5 मूर्तिकारों ने स्थान के लिए आवेदन किया है ।मिट्टी की उपलब्धता और स्थानों के लिए मूर्ति निर्माताओं को 15 मार्च तक आवेदन करने के लिए मनपा ने आवाहन किया है ।ठाणे मनपा को शाडू मिट्टी की खरीद के लिए आवेदन करना आवश्यक है ।पर्यावरण विभाग की प्रमुख मनीषा प्रधान ने अपील की है कि जल्द से जल्द टेंडर प्रक्रिया पूरी कर यह मिट्टी मूर्ति निर्माताओं को उपलब्ध करायी जाये ।कलवा और



वर्तकनगर वार्ड समिति के अलावा अन्य वार्ड समिति क्षेत्रों से जमीन या जमीन के लिए कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है ।गणेशोत्सव पर्व को पर्यावरण के अनुकूल तरीके से मनाने के लिए ठाणे मनपा के आयुक्त सौरभ राव के निर्देशानुसार 16 जनवरी को मूर्ति निर्माताओं और सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडल के साथ एक बैठक हुआ था ।साथ ही 3 फरवरी को पर्यावरण पूरक गणेशोत्सव नियम 2025 भी जारी कर दिया गया है। इस बैठक में हुई चर्चा के अनुसार मूर्ति निर्माताओं को जल्द से जल्द शाडू मिट्टी की मांग करने के साथ-साथ जगह के लिए आवेदन करना चाहिए।

## ध्वनि प्रदूषण की शिकायतों के लिए हेल्पलाइन

उच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार नागरिकों को ठाणे मनपा क्षेत्र में ध्वनि प्रदूषण और अनधिकृत या अनियमित मंडप के विषय में शिकायत दर्ज करने में सक्षम बनाने के लिए एक शिकायत निवारण प्रणाली स्थापित की गई है ।ठाणे मनपा ने नागरिकों से अपील की है कि वे ध्वनि प्रदूषण के साथ-साथ अनधिकृत या अनियमित मंडप संरचनाओं के बारे में निम्नलिखित नंबर या ईमेल पर शिकायत करें ।शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर -1800 222 108, एसएमएस और व्हाट्सएप सुविधा - 7506946155,टोल फोन नंबर - 022-25371010, ई-मेल - rdmc@thanecity .gov .in , pcctmc .ho@gmail .com ।

# शिक्षक से म्हाडा फ्लैट दिलाने के नाम पर 26.23 लाख ठगे

**मुंबई.** कालाचौकी पुलिस ने एक शिक्षक की शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज की है, जिसे रियायती मूल्य पर म्हाडा फ्लैट दिलाने के नाम पर ठगा गया था। पीड़ित की मुलाकात आरोपी से स्कूल के दोस्तों के एक पुनर्मिलन समारोह में हुई थी, जहाँ उसे ऐसे व्यक्ति के रूप में पेश किया गया था जो कम दर पर म्हाडा फ्लैट दिलाने में मदद कर सकता है।26 लाख से अधिक का भुगतान करने और वादा किए गए फ्लैट का कोई संकेत न मिलने पर, पीड़ित ने शिकायत दर्ज करने का फैसला किया।

कालाचौकी पुलिस के अनुसार, शिकायतकर्ता विद्या उगले (50) बोरीवली के एक स्कूल में काम करने वाली शिक्षिका हैं और कालाचौकी इलाके में रहती हैं। उनके पति भी एक शिक्षक हैं, जो एक स्कूल के पुनर्मिलन समारोह में शामिल हुए थे, जहाँ उनकी मुलाकात उनके बचपन के दोस्त और पूर्व सहपाठी अरविंद चालेकर से हुई। चालेकर ने उन्हें आश्वासन दिया कि वह 55 लाख रुपये में कालाचौकी या परेल में म्हाडा का फ्लैट दिलवा सकता है। धीरे-धीरे शिकायतकर्ता ने गूगल पे और चेक के माध्यम से कुल 20.47 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। कुल मिलाकर, उन्हें 26.23 लाख रुपये की ठगी की गई। जब उन्होंने अपने पैसे वापस मांगने शुरू किए, तो दादर में एक वकील ने उनसे संपर्क किया, जिसने चालेकर की ओर से 20.47 लाख रुपये का चेक सौंपा और तीन महीने का समय मांगा। हालांकि, जब उन्होंने तीन महीने बाद चेक जमा किया, तो वह बाउंस हो गया। चालेकर से भिड़ने पर, उसने कथित तौर पर शिकायतकर्ता को धमकी देते हुए कहा कि अगर वे उसे पैसे के लिए परेशान करना जारी रखते हैं, तो वह आत्महत्या कर लेगा।

# होली पर्व पर नैसर्गिक रंगों का करें उपयोग

**ठाणे.** होली पर्व को अब कुछ ही दिन बचे है और बाजार में तरह-तरह के रंगों से सज गए हैं ।हम इस संभावना से इंकार नहीं कर सकते कि बाज़ार में उपलब्ध रसायनों या विषाक्त पदार्थों से बने रंग स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं ।ऐसे रंग आंखों को नुकसान पहुंचा सकते हैं, त्वचा संबंधी विकार पैदा कर सकते हैं या निगलने पर खतरनाक साबित हो सकते हैं ।इसलिए सिविल सर्जन डॉ.कैलास पवार ने नैसर्गिक रंगों का उपयोग करने के लिए नागरिकों से आवाहन किया है ।होली का उत्साह अब पूरे शबाब पर है और सड़कों पर भी होली का माहौल देखने को मिल रहा है ।कंपनी के बच्चे अभी से धमाल मचाते नजर आ रहे हैं ।लेकिन इस बात का ध्यान रखना जरूरी है कि इस रंग में मौजूद केमिकल रंग हानिकारक होता है। सिंथेटिक या अकार्बनिक रंग एल्यूमीनियम, पारा, सीसा, जस्ता, एस्बेस्टस, टिन, क्रोमियम, कैडमियम आदि धातुओं से बनाए जाते हैं ।रासायनिक या जहरीले रंगों के साँस लेने से त्वचा में जलन, दाने, लालिमा, खुजली हो सकती है ।रंगपंचमी को होली के दिन प्राकृतिक या मिट्टी के रंगों के साथ मनाया जाना चाहिए ।रंगपंचमी खेलने से पहले शरीर पर नारियल का तेल, जैतून का तेल या बादाम का तेल लगाएं ।यह एक सुरक्षा कवच बनाता है।

## आम सूचना

मैं श्रीमती रेखा कन्हैयालाल गुरबानी सभी को सूचित कर रही हूं कि बैरक 661-ए, रुम नं. 10, क्षेत्रफल 387 स्क.फुट, खेमानी, उल्हासनगर-2. (टैक्स नं. 24बीओ017100900) उक्त प्रॉपर्टी श्री नारायणदास दौलतराम केसवानी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 22.7.2023 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती रेखा कन्हैयालाल गुरबानी**

## आम सूचना

मैं श्रीमती रेणू महेशलाल पठाई सभी को सूचित कर रही हूं कि फ्लैट नं. 202, रुकमणी अपार्टमेंट, रुम नं. 2,3, बैरक नं. 407, गोल मैदान के पास, उल्हासनगर- 1. (टैक्स नं. 12बीआय018005100) उक्त प्रॉपर्टी श्री अशोक ईश्वरलाल पंजाबी ने श्री मुरली मेंघराज पोपटानी से उन्होंने श्री विकी राजकुमार ओचानी से उन्होंने श्री भारती मोतीराम नागदेव व श्रीमती कोमल मोतीराम नागदेव से उन्होंने श्री मोतीलाल किशीनचंद तलरेजा व श्रीमती रेशमा मोतीलाल तलरेजा से उन्होंने श्री कन्हैयालाल ओतनदास पंजाबी से उन्होंने कन्हैयालाल ओतनदास पंजाबी से उन्होंने श्री मनोज प्रेमचंद पंजाबी से उन्होंने श्री विरुमल तुलसीदास टेकचंदानी से उन्होंने श्री अशोक ईश्वरलाल पंजाबी से सेल एग्रीमेंट दि. 4.5.2019 सी.नं. 3371/2019 द्वारा मैंने खरीदी है।जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती रेणू महेशलाल पठाई**


## आम सूचना

हम श्रीमती भाग्यश्री वैजनाथ सुडके व श्री दत्ताराम बाबू वाकडे सभी को सूचित कर रहे हैं कि रुम नं. सी, 220 चौ.फुट, ग्राऊंड फ्लोर, टीयर गर्डर, बैरक नं. 1026, 1030, सेक्शन 23, उल्हासनगर- 3. (टैक्स नं. 36बीओ006558800) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती गुंजन बनटी रोहरा के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट 20.7.2021 सी.नं. 2387 द्वारा हमने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 15 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती भाग्यश्री वैजनाथ सुडके व श्री दत्ताराम बाबू वाकडे**

# शाहरुख खान 13 साल पुराना टैक्स केस जीते

- **इनकम टैक्स ट्रिब्यूनल ने रीअसेसमेंट प्रोसेस आदेश रद्द किया**
- **फिल्म रा.वन से जुड़ा मामला**




सुपरस्टार शाहरुख खान को इनकम टैक्स से जुड़े एक मामले में बड़ी जीत मिली है। आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण (ITAT) ने 2011-12 के वित्तीय वर्ष के लिए आयकर विभाग द्वारा शुरू की गई री-असेसमेंट प्रोसीडिंग के आदेश पर रोक लगा दी है।

मामला फिल्म रा.वन की कमाई पर ब्रिटेन में चुकाए गए टैक्स क्रेडिट से जुड़ा है। शाहरुख और रेड चिली एंटरटेनमेंट के बीच हुए समझौते के अनुसार, फिल्म की 70% शूटिंग UK में होनी थी। इसलिए 70% आय विदेशों में मानी गई, जिस पर UK का टैक्स लगना था। इसमें विद-होल्डिंग टैक्स भी शामिल था।

शाहरुख ने फिल्म से 83.42 करोड़ रुपए की इनकम घोषित की थी। टैक्स अधिकारी ने UK में चुकाए गए टैक्स क्रेडिट के उनके दावे को खारिज कर दिया था। इनकम को 84.17 करोड़ रुपए के रूप में पुनर्मूल्यांकन किया गया। शाहरुख ने अपनी मूल I-T रिटर्न में विदेशी टैक्स क्रेडिट का दावा किया था, जिसे IT अधिकारी ने अस्वीकार कर दिया था। ITAT ने माना कि 4 साल की अवधि के बाद दोबारा मूल्यांकन कानूनी रूप से उचित नहीं था।

### बेंच ने री-असेसमेंट प्रोसेस को अमान्य ठहराया

ITAT की संदीप सिंह करहैल और गिरीश अग्रवाल की बेंच ने अपने आदेश में री-असेसमेंट प्रोसेस को अमान्य करार दिया। ट्रिब्यूनल ने कहा कि मूल्यांकन अधिकारी 4 साल के नियम के बाद पुनर्मूल्यांकन के लिए कोई नया ठोस सबूत नहीं दे सके।

FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com
NEWS LIVE
Google Play
GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play
Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel
Subscribe
मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक
उल्हास विकास
सब पे नजर, सबकी खबर
Since 1985

Late Shri. ASHOK U. BODHA
18-02-1945 to 19-12-2017
www.ulhasvikas.com
epaper.ulhasvikas.com
Chief Editor Hero Ashok Bodha
L.L.B., BMM, MA (PS)

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099